**रोहतक**

**मंगलवार, 10 जून 2025**

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 130
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 46.6
न्यून. 20.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,445.21 | 256.22 ▲ |
| निफ्टी | 25,103.20 | 100.15 ▲ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 99,690 /- | 000/- ▲ |
| चांदी | 1,04,100/- | 000/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.64 | 4 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 66.63/ बैरल | 0.24% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

**महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर नायब ने दिखाई हरी झंडी**

**शाम 5.20 बजे विमान ने उड़ान भरी, 6.30 बजे चंडीगढ़ में लैंड**

# हिसार से चंडीगढ़ के लिए उड़ी पहली फ्लाइट, सीएम सैनी ने भी भरी उड़ान

## मुख्यमंत्री बोले-जल्द अहमदाबाद, जयपुर व जम्मू के लिए उड़ानें शुरू होंगी, हरियाणा इंडस्ट्रियल हब बनेगा

**हिसार (हरिभूमि ब्यूरो)।** महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार से चंडीगढ़ के शहीद भगत सिंह हवाई अड्डे के बीच फ्लाइट का शुभारंभ किया। सीएम सैनी ने फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई और खुद भी चंडीगढ़ के लिए उड़ान भरी। इसके लिए उन्होंने पहले ही टिकट बुक करा ली थी। पहली फ्लाइट ने शाम 5:20 बजे उड़ान भरी और करीब 6:30 बजे चंडीगढ़ में लैंड हुई। इस मौके पर सीएम ने कहा कि जल्द ही चरणबद्ध तरीके से हवाई सेवाओं का विस्तार किया जाएगा और हिसार से जयपुर, जम्मू और अहमदाबाद के लिए भी हवाई सेवाओं की शुरुआत की जाएगी। बता दें कि अयोध्या नगरी के लिए हवाई सेवा के शुरू होने के लगभग 2 माह के भीतर ही चंडीगढ़ के लिए भी हवाई सेवाओं की शुरुआत हुई है।





**चंडीगढ़-हिसार फ्लाइट का शेड्यूल**

| चंडीगढ़ | हिसार |
|---|---|
| उड़ान का समय | आगमन |
| दोपहर : 3:20 बजे | शाम : 4:30 बजे |

(कुल समय 1:10 मिनट)

| हिसार | चंडीगढ़ |
|---|---|
| उड़ान का समय | आगमन |
| शाम : 4:55 बजे | शाम : 5:55 बजे |

(कुल समय 1:00 मिनट)

*किराया : 1449 से 1704 रुपये के बीच (हिसार से चंडीगढ़ की दूरी 252 किलोमीटर, सड़क के रास्ते 4 और ट्रेन से 7 घंटे तक लगते थे)*

**देश में 150 से ज्यादा नए एयरपोर्ट बने**

सीएम सैनी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हरियाणा को पहला हवाई अड्डा मिला है, जो पीएम मोदी ने प्रदेश को दिया है। मोदी सरकार के 11 वर्ष गौरवशाली रहे हैं, और इन 11 सालों को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में 150 से ज्यादा एयरपोर्ट बने हैं, साथ ही आईआईटी और आईआईएम भी बने हैं, जो देश के लिए गर्व की बात है।

**2047 तक हिसार की तस्वीर बदलेगी**

सीएम सैनी ने कहा कि 2047 में हिसार की तस्वीर बदली नजर आएगी। विकसित हरियाणा की दिशा में काम किया जा रहा है, और यह उड़ान सभी के लिए हैं, जिसका लाभ प्रदेश के सभी लोग लेंगे। समय-समय पर यह एयरपोर्ट आगे बढ़ेगा और यहां इंडस्ट्रियल हब बनेगा। यह फ्लाइट सेवा सप्ताह में 2 दिन सोमवार और शुक्रवार को चलेगी। हिसार से चंडीगढ़ की उड़ान लगभग 1 घंटे की होगी।

## ओडिशा : व्यवसायी से रिश्वत लेने के आरोप में आईएएस गिरफ्तार



**भुवनेश्वर (भाषा)।** ओडिशा सतर्कता विभाग ने सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को एक व्यापारी से 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। विभाग ने एक विज्ञप्ति में कहा, आज, कालाहांडी जिले में धरमगढ़ के उप-जिलाधिकारी, आईएएस (2021 बैच) धीमान चकमा को ओडिशा सतर्कता ने व्यवसायी (शिकायतकर्ता) से 20 लाख रुपये की रिश्वत की एक किस्त के रूप में 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बताया कि सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने जाल बिछाया और आईएएस अधिकारी को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया।






**अब दिन-रात चलेगी लू**

3 दिन और बढ़ेगा पारा राहत की उम्मीद नहीं

# पारा 47 के करीब, भीषण गर्मी ने छुड़ाए पसीने, हीटवेव का अलर्ट

**सिरसा, फतेहाबाद, जींद हिसार और रोहतक में ऑरेंज अलर्ट**

**रेवाड़ी (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश में भीषण गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए हैं। लू के थपेड़ों से कहीं भी राहत नहीं मिल रही। दिन रात लू चल रही हैं। तापमान बढ़कर 47 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। सोमवार को सिरसा सबसे गर्म जिला रहा। यहां का पारा 46.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग का कहना है कि अभी बारिश के आसार नहीं हैं। ऐसे में भीषण गर्मी खूब सताएगी। मौसम विभाग ने तीन दिन हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। अगले तीन दिन और रात दोनों समय लू चलने की संभावना है। सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद और रोहतक में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इससे जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ना शुरू हो गया है। पिछले चार दिनों से तापमान में तेजी से वृद्धि होना शुरू हो गया है। जून माह का पहला सप्ताह ठंडा गुजरने के बाद दूसरे सप्ताह में गर्मी पीक पर आने लगी है।



**रेवाड़ी।** सोमवार को धूप की तपिश के बीच बचाव करते जाते हुए युवतियां। *फोटो : हरिभूमि*

**सिरसा 46.6 डिग्री के साथ सबसे गर्म जिला**

**18 जिलों में 40 डिग्री से ऊपर तापमान**

मौसम विभाग का दावा, बरसात की संभावना नहीं, सताएगी गर्मी

### ...और चढ़ेगा पारा

मौसम विभाग के अनुसार अभी कोई विक्षोभ सक्रिय दिखाई नहीं दे रहा है। एक सप्ताह तक बादल छाने या बरसात की कोई संभावना नहीं है। तापमान में आने वाले दिनों में और वृद्धि हो सकती है, जिससे हीटवेव का असर देखने को मिल सकता है। तीन दिन बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

### 18 जिलों में पारा 40 पार

सोमवार को प्रदेश के 18 जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार रहा। भिवानी, कैथल, कुरुक्षेत्र, अंबाला, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात और पलवल में येलो अलर्ट जारी किया है। इन शहरों में तापमान 45 डिग्री के पार जा सकता है। हालांकि मौसम विभाग ने 12 जून तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जताई है। 2 दिन तक राजस्थान से सटे दक्षिण-पश्चिमी इलाकों में रेगिस्तानी हवा चलने से तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

### हीटवेव का खतरा

तापमान बढ़ने के बाद गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गई हैं, जिससे एक बार फिर हीटवेव का खतरा मंडराने लगा है। दोपहर के समय भारी गर्मी का असर सड़कों से लेकर बाजार तक में असर आने लगा है। अगर तापमान इसी तरह से बढ़ता रहा, तो लू का प्रकोप एक बार फिर से लोगों को घरों में दुबके रहने पर मजबूर कर देगा। जून माह में पड़ने वाली भारी गर्मी का वास्तविक असर दूसरे सप्ताह में देखने को मिल रहा है।

## सोनिया गांधी ने कराई गंगाराम अस्पताल में मेडिकल जांच



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने सोमवार को सर गंगा राम अस्पताल (एसजीआरएच) में अपनी मेडिकल जांच कराई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सोनिया (78) को उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) अस्पताल ले जाने के दो दिन बाद यह स्वास्थ्य जांच हुई है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता निजी यात्रा पर हिमाचल प्रदेश की राजधानी में थीं। आईजीएमसी के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमन ने शनिवार को बताया था कि सोनिया गांधी का रक्तचाप बढ़ा हुआ था, लेकिन सब कुछ सामान्य था। एक सूत्र ने बताया कि सोनिया एसजीआरएच गईं और उनकी मेडिकल जांच और कुछ परीक्षण हुए। फरवरी में, सोनिया गांधी को कुछ समय के लिए एसजीआरएच में भर्ती कराया गया था और चिकित्सकों की एक टीम की निगरानी में रखा गया था।






### जम्मू कश्मीर में सैनिक ने खुद को गोली मारी

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग इलाके में एक शिविर में एक सैनिक ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला जिले के गुलमर्ग स्थित 9वीं राज राइफल कैंप के लांस नायक बनवार लाल सरन ने रविवार रात अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। वह राजस्थान का रहने वाला था।

### कर्नाटक हाईकोर्ट आज भगदड़ मामले में करेगी सुनवाई

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय बेंगलुरु के स्टेडियम के पास भगदड़ की घटना के मामले में आरसीबी व डीएनए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को चुनौती देने वाली उनकी यचिकाओं पर 10 जून को सुनवाई करेगा। आईपीएल के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने के लिए चार जून को यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास बड़ी संख्या में लोग जमा हुए और भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई।

### रणथंभौर में बाघ के हमले में एक मौत

**जयपुर।** राजस्थान के रणथंभौर बाघ अभयारण्य में सोमवार को बाघ के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अभयारण्य के जोगी महल इलाके में दो महीने से भी कम समय में यह तीसरी ऐसी मौत है। पुलिस ने बताया कि राधेश्याम (60) रणथंभौर किले में स्थित जैन मंदिर में 'देखभालकर्ता' थे। सुबह बाघ ने उन पर हमला कर दिया। इससे उनकी मौत हो गई।




# सरकार के 11 वर्ष नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का स्वर्णिम अध्याय : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

पूर्व वित्तमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे हुए हैं, जिसमें गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित और बुनियादी ढांचे के विकास में ऐतिहासिक उपलब्धियां जुड़ी हैं। यह केवल एक सरकार के 11 वर्ष नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के स्वर्णिम अध्याय हैं। इसमें हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। मोदी सरकार के 11 वर्षों में भारत ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं।

### गरीब कल्याण और सामाजिक सुरक्षा

*कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को बैंकिंग की मुख्यधारा से जोड़ा और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में नई रोशनी जगाई। उज्ज्वला योजना ने माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाकर उनके स्वास्थ्य और सम्मान को सुरक्षित किया। आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराकर करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच दी। स्वच्छ भारत मिशन ने हर गांव-शहर को स्वच्छ और स्वस्थ भारत के रूप में दुनिया के सामने रखा।*

## यह सफलता लोगों के आशीर्वाद की जीत


कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व वित्त मंत्री, हरियाणा सरकार

### किसान हित और कृषि विकास

*कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को सीधी आर्थिक सहायता दी गई। फसल बीमा योजना और कृषि यंत्रीकरण ने खेती-किसानी को सुरक्षित और आधुनिक बनाया। सिंचाई, उर्वरक और कृषि अनुसंधान में निवेश से किसानों को बेहतर फसल और आय के अवसर मिले।*

### स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया

*पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया ने युवाओं को रोजगार के नए अवसर दिए। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ने करोड़ों युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के योग्य बनाया गया। नेशनल अप्रेंटिसशिप योजना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसे कार्यक्रमों ने युवाओं को स्वरोजगार और छोटे उद्योगों में सशक्त बनाया।*

### महिला सशक्तिकरण

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान और उत्थान, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मातृत्व लाभ योजना और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सम्मानजनक और सुरक्षित बनाया गया है। महिलाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए ऋण एवं सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर किया गया।

### दुनिया का सबसे ऊंचा पुल बनाया

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि रेलवे के क्षेत्र में चिनाब रेलवे ब्रिज यह दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल है, जिसने न केवल जम्मू-कश्मीर के लिए एक नया जीवनदान दिया, बल्कि भारत के इंजीनियरिंग कौशल को भी दुनिया के सामने रखा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांव-गांव को पक्की सड़कों से जोड़ा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी। कैप्टन ने कहा कि हम सभी विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें और सपनों को साकार करने के लिए राष्ट्रनिर्माण की इस यात्रा को और आगे बढ़ाएं।

## खबर संक्षेप



### जिलों में बनेंगी जिला पौधारोपण समितियां

**चंडीगढ़।** 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' को लेकर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में राज्य कार्य योजना की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव रस्तोगी ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि अभियान का प्रभावी जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, जिला पौधरोपण समितियां बनाई जाएं। ये समितियां पौधरोपण स्थलों की पहचान करने, भूमि की उपलब्धता का आकलन करने और पौधों की मांग तैयार करने के साथ-साथ समन्वय योजनाओं को भी अंतिम रूप देंगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान को मनरेगा, जल शक्ति अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन और राष्ट्रीय हरित राजमार्ग मिशन जैसी प्रमुख राष्ट्रीय योजनाओं के साथ जोड़ा जाएगा।

### वीसी से होगी लोकायुक्त की कार्यवाही

**चंडीगढ़।** हरियाणा में लोकायुक्त अपनी कार्यवाही के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) सुविधा अपनाएंगे। इस संबध में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों और निगमों प्रबंध निदेशकों, मंडल आयुक्तों, उपायुक्तों, उप-मंडल अधिकारियों और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को पत्र जारी किया है।

### राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर तैयारी जोरों पर

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन को कामयाब बनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इस सिलसिले में उन्होंने सोमवार को विधान सभा सचिवालय में प्रदेश सरकार और हरियाणा विधान सभा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रत्येक व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की। यह सम्मेलन हरियाणा विधान सभा की मेजबानी में जुलाई में गुरुग्राम में होना प्रस्तावित है। विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

## शिक्षा सदन में भ्रष्टाचार के सवाल पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने उठाया कदम

# मंत्री ने सभी डीसी को लिखा पत्र, सप्ताह में एक बार स्कूलों में जाकर चेकिंग करें

*कोई भी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया, तो उसकी खैर नहीं, उस पर कठोर कार्रवाई होगी*

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पत्रकार वार्ता के दौरान साफ कर दिया है कि शिक्षा सदन (प्रदेश मुख्यालय) में वे कई बार दौरा कर चुके हैं। जहां पर कोई भी किसी तरह का भ्रष्टाचार मिला, तो उस पर कठोस कार्रवाई होगी, यहां पर आने वाले लोगों का कामकाज प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए ताकि उन्हें बार बार चक्कर नहीं लगाने पड़े। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य के सभी जिला उपायुक्तों को एक पत्र भेजा गया है, जिन्हें एक सप्ताह में एक बार स्कूलों में विजिट करने को कहा गया है। शिक्षा मंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पंचकूला स्थित शिक्षा मुख्यालय पर उन्होंने खुद शिकायतों को देखते हुए दौरा किया है, साथ ही अफसरों को साफ कर दिया था कि यहां आने वाले लोगों, शिक्षकों, सेवानिवृत्त कर्मियों, महिलाओं किसी को भी दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अच्छे कर्मियों को बेहतर स्थान पर तैनात करें, जिनकी शिकायत मिल रही हैं, उनको हटाएं। उनके पास में कोई भी शिकायत आई तो कठोर कार्रवाई होगी।फरीदाबाद में सभी विश्विद्यालयों के वीसी की बैठक को लेकर मंत्री ने कहा कि युवाओं की इंटर्नशिप शुरू करवाने को लेकर विस्तार से मंथन किया गया था। सरकारी स्कूलों के नतीजे बहुत अच्छे आए हैं, इसका साफ साफ कारण सरकार स्कूलों का वातावरण बहुत अच्छा है। ढांचागत विकास और अध्यापक बहुत क्वालिफाइड है। अध्यापकों को स्कूलों बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए कहा गया है। स्कूलों में सुविधाओं का जायजा लेने उसमें सुधार को लेकर आगे की रणनीति बनाकर काम होगा।

### टीचर्स घर-घर गए और 70 हजार ज्यादा दाखिले हो सके

शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर कहा कि स्कूलों में बच्चे की संख्या बढ़ी है, शिक्षकों ने मेहनत की है। 70 हजार से ज्यादा एडमिशन हुए हैं। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि अगर बच्चों की संख्या ही नहीं होगी, तो स्कूल अपग्रेड कैसे किए जायेगे। कई बार स्कूल में बच्चे नहीं होने पर बंद भी करने पड़ते हैं। फिलहाल सरकार ने स्कूलों को बंद या शिफ्ट करने का कोई फैसला नहीं किया है।

### ट्रांसफर ड्राइव जल्द शुरू करेंगे


महिपाल ढांडा, शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री ने आनलाइन तबादलों को लेकर कहा है कि विभाग में जल्द ही तबादलों की मुहिम चलेगी, इस दिशा में काम चल रहा है। उन्होंने डेपूटेशन को लेकर कहा कि हर विभाग में इस तरह के मामले होते हैं, जिन्हें तथ्यों के आधार पर किया जाता है। सभी मामले एक तरह के नहीं होते नियमों के मुताबिक ही कामकाज होता है। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम श्री स्कूल भारत सरकार की एक योजना है, इस बारे में मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ में बातचीत कर ही आगे विचार मंथन होगा।

### स्कूल संचालक सुधरें, नहीं तो एक्शन होगा

शिक्षामंत्री ढांडा ने कहा कि निजी स्कूलों में अभिभावकों को वर्दी, बुक्स अन्य सामग्री के नाम पर बार बार तंग करने और कुछ चिन्हित दुकानों से खरीदने अथवा स्कूलों में ही सामग्री की बिक्री करने की शिकायत मिल रहीं हैं। इस तरह के मामलों में स्कूल संचालकों को सावधान किया जाता है कि वे सुधार करें वर्ना उनके विरुद्ध एक्शन लेने की तैयारी है।

### ज्यादा से ज्यादा दाखिले का प्रयास

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि अवकाश के दिनों में भी शिक्षकों द्वारा कई तरह के कामकाज किए जा रहे हैं। सरकारी स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा प्रवेश हों इस दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। हरियाणा में नई शिक्षा नीति लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि एनईपी लागू करने वाला देश का पहला राज्य हरियाणा है।

तारीफ

### शिक्षकों के काम को खूब सराहा

शिक्षकों के कामकाज की तारीफ शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि हमारे शिक्षकों की बदौलत उनकी मेहनत के कारण ही राज्य से सुपर 100 में 72 बच्चों का चयन हो गया है। जिसमें 23 बेटी भी शामिल हैं। यह बुहत ही शुभ संकेत मिल रहे हैं, आने वाले वक्त में इस से ज्यादा बच्चे आएंगे। हमने पूरे राज्य भर में पंचायतों के साथ लेकर स्कूलों की गर्मी की छुट्टियों के दौरान साफ सफाई के लिए कहा है, ताकि स्वच्छता की मुहिम भी चले और सारी सामग्री और भवन देश की संपत्ति है। स्कूलों की छतों की सफाई के लिए भी कहा गया है ताकि स्कूलों में मानसून सीजन के दौरान बच्चों व शिक्षकों को दिक्कत नहीं हो। इस तरह के सारे कामकाज एक सामाजिक कार्य का हिस्सा भी हैं। उपायुक्तों को पत्र भेजकर सप्ताह में कम से कम एक बार स्कूल विजिट को कहा है, जिससे स्कूलों को बेहतर से बेहतर किया जा सके।

## सभी गांवों के आंगनबाड़ी केंद्र सरकारी भवनों में शिफ्ट होंगे

- विद्यालयों के खाली भवनों में केंद्र होंगे
- सभी जिलों से खाली भवनों का ब्योरा मांगा

**चंडीगढ़।** प्रदेश के गांवों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी भवनों में शिफ्ट किया जाएगा। इस दिशा में प्रदेश मुख्यालय से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्देशों में स्पष्ट है कि सरकारी विद्यालयों के भवन किन्हीं कारण से खाली हैं, तो वहां आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन करने की सरकार की योजना है। महिला एवं बाल विकास विभाग निदेशालय ने कुछ माह पहले मौलिक शिक्षा निदेशालय से ब्योरा मांगा था। मौलिक शिक्षा निदेशालय की तरफ से भी सभी जिलों से खाली विद्यालयों का ब्योरा मांगा है। महिला एवं बाल विभाग निदेशालय निदेशक मोनिका मलिक के पत्र के बाद प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर ब्योरा मांगा है।

## घटिया पोर्टल से प्रदेश का हर वर्ग परेशान : हुड्डा



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा की नहीं, बल्कि पोर्टल की सरकार चल रही है। ऐसा पोर्टल जिसका सर्वर हमेशा डाउन रहता है और जो जरूरत पड़ने पर कभी काम नहीं करता। इसके चलते विद्यार्थी, अभ्यार्थी और लाभार्थी समेत हर वर्ग परेशान है। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ऑनलाइन सुविधाओं की शुरुआत की थी। इसका मकसद तमाम सरकारी विभागों व सेवाओं से लेकर पंचायतों तक को ऑनलाइन करके जनता को घर बैठे एक क्लिक पर सुविधाएं उपलब्ध करवाना था। लेकिन बीजेपी ने इन ऑनलाइन सेवाओं का पूरा सिस्टम ही उल्टा कर डाला। ऑनलाइन काम करवाने के लिए भी लोगों को चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

मानसून की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक, मंत्री श्रुति चौधरी ने दिए निर्देश

# 11 दिन में 206 ड्रेनों की सफाई होनी है, बाढ़ और जलभराव से निपटने को अलर्ट मोड में रहें अधिकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने समीक्षा बैठक में आगामी मानसून सीजन के दौरान संभावित जलभराव और बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी सतर्कता और तत्परता के साथ फील्ड में सक्रिय रहकर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में पीने के पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिए। बैठक में सिंचाई मंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में कुल 873 ड्रेन में से 676 साफ किया जाना है, जिसमें से 470 ड्रेन साफ की जा चुकी हैं, शेष ड्रेन की सफाई 20 जून तक करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए अल्पकालिक, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक परियोजनाओं के संबंध में सभी जिलाधिकारियों से रिपोर्ट भी ली।



### जहां-जहां सफाई हो, सोशल मीडिया पर पोस्ट करें

सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां ड्रेन सफाई का काम हो रहा है, वहां पर अधीक्षक अभियंता स्तर के अधिकारी मौके पर जाएं और इस कार्य की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर लाइव व पोस्ट करें, ताकि लोगों को लगे की काम पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ हो रहे हैं। श्रुति चौधरी ने अंत में यह दोहराया कि बाढ़ से पहले तैयारी, जनता की सुरक्षा की गारंटी है। प्रदेश सरकार हर नागरिक की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। बैठक में हरियाणा जल संसाधन एवं प्राधिकरण की चेयरपर्सन श्रीमती केशनी आनंद अरोड़ा व विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।


**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

अतिरिक्त मंडल रेलवे अस्पताल उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप में पूर्ण कालिक आधार पर अनुबंध पर कार्य करने हेतु सामान्य कार्य मेडिकल अधिकारी की नियुक्ति के लिए वाक इन इंटरव्यू। (एक साल के लिए अनुबंध)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | पूर्ण कालिक अनुबंध चिकित्सा प्रैक्टिशनर (CMP) नियुक्ति |
| 2. | कुल पदों की संख्या | 01 (सामान्य) |
| 3. | स्थान | अतिरिक्त मंडल रेलवे अस्पताल उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप |
| 4. | स्थान, दिनांक, समय | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप। **24.06.2025** 10:30 बजे से 12:30 बजे तक |
| 5. | कोटि | सीमपी |
| 6. | मासिक आय | 95,000/- |

अन्य विस्तृत सूचना एवं जानकारी के लिए N.Rly. Website **nr.indianrailways.gov.in** पर देखें। संख्या **1/Med/CMP/Doctors/JUDW/2025** दिनांक: **09.06.2025.** **1700/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**दी महम सहकारी चीनी मिल्ज लिमिटेड, महम जिला रोहतक।**

**चुनाव सूचना**

चीनी मिल महम की आगामी प्रबन्ध कमेटी (निदेशक मण्डल) के चुनाव हेतु जो आपत्तियां मांगी गई थी, उनके निवारण हेतु आपत्तिकर्ताओं को दिनांक 09.06.2025 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जोनल कमेटी के सम्मुख महम चीनी मिल परिसर में बुलवाया गया था। अब प्रशासनिक अपरिहार्य कारणों की वजह से जोनल कमेटी की मिटिंग 09.06.2025 की जगह दिनांक 17.06.2025 को बाद दोपहर 02.00 बजे होनी निश्चित हुई है। इसलिए व्यक्तिगत सुनवाई की तिथि 17.06.2025 को बाद दोपहर 02.00 बजे मिल परिसर में निश्चित की गई है।

हस्ता/-
प्रबन्ध निदेशक

संवाद-1039/11/83/2026/35467/C/88/6 दि. 09.06.25

**राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छारा, झज्जर, हरियाणा**
Industrial Training Institute — Skill India
बेरी बहादुरगढ़ रोड, छारा, झज्जर, सम्पर्क नं. : 01276-297535
ई-मेल :- Chhara.giti@hry.gov.in अथवा Chhara.giti@gmail.com

**प्रेस नोट**

यह आम जन को सूचित किया जाता है कि विभिन्न प्रकार के स्क्रैप (आयरन, कॉपर, एल्यूमीनियम, प्लास्टिक, समाचार-पत्र इत्यादि) को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छारा के परिसर में खुली बोली के आधार पर बेचा जाना है। इसलिए, व्यक्ति/स्क्रैप डीलर जो स्क्रैप खरीदने में इच्छुक हैं और कोई बोलीदाता जो स्क्रैप देखने में इच्छुक है, इसको किसी भी कार्यदिवस को पूर्वा. 9:00 बजे से अप. 05.00 बजे तक देख सकता है। स्क्रैप खरीदने में इच्छुक व्यक्ति/स्क्रैप डीलर 13.06.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे स्थल पर पहुंचकर बोलीदाताओं में शामिल हो सकता है। बोली उच्चतम बोली पर छोड़ी जाएगी। इच्छुक बोलीदाताओं को बोली देने से पूर्व राजकीय आईटीआई छारा में नकद प्रतिभूति के तौर पर रु. 1000/- जमा करवाने होंगे। उच्चतम बोलीदाता को बोली के पश्चात स्थल पर पूर्ण राशि जमा करवानी होगी, अन्यथा बोली निरस्त मानी जाएगी। सफल बोलीदाता को सरकारी निर्देशों के अनुरूप टैक्स सहित बोली राशि का 18% भुगतान करना होगा। सभी अन्य नियम एवं शर्तें स्थल पर सूचित किए जाएंगे। अधोहस्ताक्षरी बिना कोई कारण बताए बोली को निरस्त करने / नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

प्राचार्य,
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
छारा

पीआरडीएच-1065/11/147/2026/35487/88/6 दि. 09.06.25

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA SFC 609 CBC (BHARDWAJ TRANSPORT AND TRAVELS) REG. NO.-HR46F7931-YOM-2020
2) MAHINDRA AND MAHINDRA CB MM SUPRO MAXI TRUCK (MONTI KUMAR) REG. NO.-HR46F3066 YOM-2021
3) TATA LPT 1918 (SHREE SHYAM LOGISTICS INDIA) REG. NO.-RJ32GD0784-YOM-2022
4) TATA ACE(NAVEEN) REG. NO.-HR69E3648-YOM-2022
5) ASHOK LEYLAND DOST(PARDEEP) REG. NO.-HR69E1954-YOM- 2022
6)TATA LPT 1615 CAB CHASSIS GOODS ( AMAYRA ENTERPRISE) REG. NO.- HR69E5318 -YOM-2022
7)MAHINDRA BLAZO37 CAB CHASSIS (M R CHEMICAL FACTORY) REG. NO.-HR67C7539-YOM-2020
8) AL4019 (PAWANRUHIL) REG. NO.-HR63D0136-YOM-2017
9) PRO_2114_CABIN_CHASSIS (MARUTI LOGISTICS ) REG. NO.-HR61D8128 -YOM-2021
10) BB3123RCBR (LATHWAL CONSTRUCTION CO.) REG. NO.-HR69D2328 -YOM- 2018
11) TATA ACE (SANGEETA RANI) REG. NO.-HR47E3160-YOM- 2021
12) JCB3DX(RANBIR) REG. NO.-HR79A1965 -YOM- 2017
13) TATA_HITACHI_SHINRAI_BX80_ BACKHOE_LOADER (NIHAN INFRASTRUCTURE PRIVATE LIMITED) REG. NO.-HR06BD4437-YOM- 2023
14) MAHINDRA JEETO(ROHTASH) REG. NO.-HR66C4850-YOM-2022
15) TATA2518LPT (BADLU) REG. NO.-RJ11GC0943 -YOM- 2018
16) BHARAT_BENZ_1917R_ GOODS_CHASSIS(SUNDER SINGH) REG. NO.-HR61E3327 -YOM- 2022
17) D.P AUTOMOBILE YARD, BARWALA(NARENDER MEHTA) REG. NO.-HR57A1955--YOM- 2024
18) AL DOST(MANJEET)- REG. NO.-HR61E8974-YOM- 2023
19) BHARATBENZ 5532T(SURENDER) REG. NO.-HR62A3533-YOM- 2024
20) MAHINDRA_AND_MAHINDRA-CB _BOLERO PIK UP(PARVEEN KUMAR) REG. NO.-HR66C0169- YOM-2022
21)ASHOK LEYLAND LIMITEDCB_AL_ GA1920_COWL_CHASSIS_BSVI (HANUMAN) REG.NO.-RJ14GQ8333-YOM-2023
22)TATA MOTORS LPT 1109CH (OCEAN LOGISTICS AND PACKERS) REG. NO.-HR61D2715--YOM- 2019

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 07 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 16.06.2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS: FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT :MR. GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. +91-9671300231 EMAIL:-Goverdhan.Joshi@kotak.com

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार मैमोग्राफी मशीन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.06.2025 27.06.2025 | 16.50 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार अल्ट्रासाउंड कलर डोपलर मशीन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.06.2025 27.06.2025 | 9 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप-ए हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को सर्जिकल सूचर और मैश की आपूर्ति और दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 06.06.2025 27.06.2025 | 2.30 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmscltenders@gmail.com |
| 4 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप-सी हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को लार्वीसाइड्स इनसेक्टीसाइड्स एंटी मलेरियल मदों की आपूर्ति और दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 06.06.2025 27.06.2025 | 2.33 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmscltenders@gmail.com |
| 5 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप-सी हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को कोरोना वायरस के लिए लॉजिस्टिक्स की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए मेडिकल कंज्यूमेबल्स की ऑनलाइन अल्पावधि निविदा। | 06.06.2025 12.06.2025 | 5 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmscltenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/100/35462/I/88/6 दि. 09.06.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में सफीदों रोड से डिडवाड़ा रोड तक रोड का विकास (रोड आईडी 6707) (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXX स्कीम के तहत)। | बंद होने की तिथि 16.06.2025 | 268.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बालसमंद, जिला हिसार की वैद्युत स्थापना की विशेष मरम्मत + 2 कार्य। | 06.06.2025 13.06.2025 | 12.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | कुरूक्षेत्र में सहारनपुर यमुनानगर रादौर लाडवा कुरूक्षेत्र रोड सेक्शन कि.मी. 76.150 से 85.00 के गिटाडवार से ज्योतिसर तक रोड के सेंट्रल वर्ज में पौधारोपण के एल/एस कार्य का ए/एम (रोड आईडी 8023)। | 12.06.2025 17.06.2025 | 9.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 4 | लोनिवि भ व प अम्बाला | एलएनजेपी हॉस्पीटल कुरूक्षेत्र के परिसर में अतिरिक्त 100 बिस्तर वाले हॉस्पीटल ब्लॉक (फेज-II) का निर्माण (एमजीपी का प्रावधान और सम्बद्ध कार्य)। | 07.06.2025 16.06.2025 | 479.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प नरवाना | नरवाना में एसडीओ (सिविल) कॉम्पलैक्स की वार्षिक मरम्मत। | 05.06.2025 12.06.2025 | 4.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में केयर होम के पश्चात राज्य में गार्ड रूम का निर्माण और विशेष मरम्मत आकलन। | 05.06.2025 12.06.2025 | 24.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में कि.मी. 0.00 से 8.900 में 50 मिमी बीएम + 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा सकरा से डेरा रायसन वाया करसा, रायसन तक रोड का सुधार (रोड आईडी 7426 और 7446) (ओडीआर) (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत) (डीएनआईटी नं. 117588) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.06.2025 | 574.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प सोनीपत | गन्नौर-शाहपुर रोड से खानपुर वाया सइया खेड़ा-कैलाना-दुबेटा-कासंडी आरडी 0.00 से 16.15 किमी. तक रोड का सुधार (आईडी 6083) (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत)। | 05.06.2025 19.06.2025 | 562.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में कि.मी. 0 से 7.35 में रोड के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा शहजादपुर से भिगान वाया कामी तक रोड का सुधार (रोड आईडी 6064, 11627) (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत)। | 05.06.2025 16.06.2025 | 434.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | गढ़ी साधन - गांव गढ़ी साधन ब्लॉक इन्द्री, जिला करनाल में ब्राह्मण चौपाल चारदिवारी शौचालय और स्नानगृह को पूरा करना स्कीम वीएएनजीवाई 2025 + 3 कार्य। | 07.06.2025 26.06.2025 | 23.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | ब्लॉक मातनहेल, जिला झज्जर के विभिन्न 5 अदद गांवों अकेहड़ी मदनपुर, बहु, बिरोहड़, खोरडा और मातनहेल की फिरनियों में नये पोल्स की स्थापना और मौजूदा विद्युत पोल्स पर एलईडी स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना, फिटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 06.06.2025 13.06.2025 | 57.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | बरोदा मोर, गांव ब्लॉक मुंडलाना में कुश्ती हॉल 60×40 का निर्माण + 1 कार्य। | 05.06.2025 12.06.2025 | 36.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 13 | महिला एवं बाल विकास, सोनीपत | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी का परिवहन कार्य और अन्य मदों की आपूर्ति। | 06.06.2025 24.06.2025 | ईएमडी 25000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466423780 posnp.wcd@gmail.com |
| 14 | वन विभाग, जीन्द | संलग्न विशिष्टी के अनुरूप ट्री गार्ड की निरंतर आपूर्ति (वानिकी कार्य)। | 07.06.2025 13.06.2025 | 1.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1681255458 dfojind2009@rediffmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/280/35500/I/88/6 दि. 09.06.25

## सुविचार

**जो लोग आपको रोज मैसेज या पोस्ट भेजते हैं, वो इसलिए नहीं कि वे फुर्सत में होते हैं, बल्कि इसलिए कि उनमें हमेशा आपके नजदीक बने रहने की चाहत होती है।**
*- शब्दभंडार*


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






07 पुर्तगाल बना नेशंस लीग चैंपियन, स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराया

### अंदर के पन्नों पर


- फर्जी पेंशन बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ पेज-4
- भारत ने 11 साल में विविध क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा पेज-5
- दुश्मनों के हर मूवमेंट पर होगी कड़ी नजर पेज-8


### खबर संक्षेप

## पीएम मोदी आज बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों से मिलेंगे



**नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी मंगलवार शाम को बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मिलेंगे, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत का रुख बताने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा पर गए थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सदस्य प्रधानमंत्री के समक्ष अपनी प्रतिक्रिया साझा करेंगे।

## हज के लिए सऊदी जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं

**नई दिल्ली।** हज के लिए सऊदी अरब जाने वाले भारतीयों पर प्रतिबंध की अटकलों को विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार सऊदी अरब ने ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। देश ने पुरानी परंपरा के अनुसार हज के दौरान भीड़भाड़ को रोकने के लिए अल्पकालिक वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया है। जो हज के समापन के साथ ही समाप्त हो जाएंगे। एजेंसी

## त्रिलोकपुरी मेट्रो स्टेशन पर लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन के त्रिलोकपुरी मेट्रो स्टेशन पर उस समय अफरातफरी मच गई जब यहां के एक कमरे में आग लग गई और धुएं का गुबार निकलने लगा। इसके चलते पिंक लाइन पर कुछ समय के लिए सेवा बाधित हो गई। डीएमआरसी के मुताबिक, धुआं निकलने पर सिग्नलिंग सिस्टम में गड़बड़ी उत्पन्न हुई। त्रिलोकपुरी-संजय लेक स्टेशन पर ट्रेनें रोकी गईं। एजेंसी

## मेघालय की डीजीपी ने की पुष्टि, इंदौर में 3 आरोपित ट्रांजिट रिमांड पर

### मेघालय पुलिस ने संदिग्धों को पकड़ा सोनम को शिलॉन्ग ले जाएगी पुलिस, कई जगह छापेमारी

# पत्नी ने ही करवाई थी इंदौर के व्यापारी पति राजा की हत्या!

**लापता पत्नी सोनम 17 दिन बाद यूपी के गाजीपुर में ढाबे पर मिलीं**

**आरोप, प्रेमी की खातिर पति की सुपारी देकर कराई हत्या**

**राजा के भाई ने कहा-अगर सोनम दोषी है तो कड़ी से कड़ी सजा मिले**

**सोनम के पिता बोले-बेटी बेगुनाह, सीबीआई जांच हो**

भाषा ▶▶| शिलांग/इंदौर/लखनऊ/झांसी

मेघालय में हनीमून के दौरान इंदौर के पर्यटक और व्यापारी राजा रघुवंशी की हत्या उसकी पत्नी सोनम ने ही करवाई थी। उसने भाड़े के हत्यारे बुलाए थे। मेघालय की डीजीपी आई नोंगरांग ने सोमवार को यह खुलासा किया है। इस हत्याकांड में बड़ा खुलासा हुआ है। शादी में महज 10 दिन बाद सोनम उसे हनीमून के बहाने से मेघालय ले गई और वहां किराए के गुंडों से उसकी हत्या करवा दी। मेघालय और मप्र की पुलिस ने हत्याकांड के पीछे 'लव ट्राएंगल' को जिम्मेदार बताया है। 25 साल की सोनम का 20 साल के राज कुशवाहा के साथ प्रेम संबंध था। दोनों ने राजा से शादी के सात दिन बाद 18 मई को कत्ल की प्लानिंग की थी। इसके बाद इस वारदात को अंजाम दिया। हत्याकांड के 17 दिन बाद सोनम यूपी के गाजीपुर में ढाबे से मिली और उसने सरेंडर कर दिया। देर रात उसे कोर्ट में पेश किया गया और जहां से उसे 3 दिन के ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया। अब पुलिस उसे शिलॉन्ग लेकर जाएगी। हालांकि, सोनम के पिता देवी सिंह ने अपनी बेटी के बेगुनाह होने का दावा किया है, जबकि राजा के भाई विपिन ने कहा कि अगर सोनम दोषी पाई जाती है तो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। डीजीपी ने बताया कि सोनम ने गाजीपुर में आत्मसमर्पण कर दिया।



सोनम





राज कुशवाहा



विशाल चौहान



आकाश



आनंद कुर्मी

### 23 मई को लापता हुए थे

एसपी विवेक सायम ने बताया कि राजा (29) और उनकी पत्नी सोनम 23 मई को सोहरा इलाके के नोंगरियात गांव में एक 'होमस्टे' से निकलने के कुछ घंटे बाद ही लापता हो गए थे। राजा का शव दो जून को खाई में मिला था। 'एक आरोपी को यूपी से पकड़ा और दो अन्य को एसआईटी ने इंदौर से पकड़ा।'

**सीएम ने किया पोस्ट :** मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने राज्य और देश को झकझोर देने वाले इस मामले को सुलझाने के लिए पुलिस की सराहना की।

### सोनम पर शक पुख्ता हुआ

- 23 मई को सोनम ने अपनी सास से चर्चा की। दोपहर के बाद फोन बंद हो गए। दोनों के फोन अचानक बंद होना कई सवाल खड़े कर रहा था। जिसे पुलिस ने जांच में लिया।
- सोनम शादी से पहले और बाद में घंटों तक राज कुशवाह से बात करती थी। राज सोनम के भाई की फर्म में अकाउंटेंट है। उसकी कॉल डिटेल से पुलिस को शंका हुई और मेघालय पुलिस ने इंदौर पुलिस को उनकी जानकारी दी।
- हत्या के बाद हथियार भी राजा के शव के पास मिला। यदि हत्यारों को सोनम को मारना होता तो उसी हथियार का उपयोग करते। इससे पुलिस को यह पता चल गया कि सोनम की हत्या नहीं हुई है।

### भाड़े पर बुलाए गए थे हत्यारे

नोंगरांग ने बताया, 'सोनम ने उत्तर प्रदेश के नंदगंज थाने में आत्मसमर्पण किया है। वहां से उसे गिरफ्तार कर लिया।' गिरफ्तार किए गए लोगों ने खुलासा किया है कि सोनम ने रघुवंशी की हत्या के लिए उन्हें भाड़े पर बुलाया था। पूर्वी खासी हिल्स के एसपी ने कहा, 'गिरफ्तार किया गया पहला व्यक्ति आकाश राजपूत (19) उत्तर प्रदेश के ललितपुर से था। दूसरा विशाल सिंह चौहान (22) और तीसरा राज सिंह कुशवाहा (21) इंदौर से था।' वहीं, सागर से आनंद कुर्मी (23) को पकड़ा है। तीनों को कोर्ट ने 7 दिन के ट्रांजिट रिमांड पर भेजा है। वहीं, दो अन्य आरोपित भी इस मामले में गिरफ्तार किए गए हैं।

### प्यार, शादी और फिर बेवफाई


राज कुशवाहा सोनम के भाई की टाइल्स डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में काम करता था। पुलिस ने बताया कि मेघालय पुलिस ने कॉल डिटेल्स को ट्रेस करते हुए आरोपी को पकड़ा, जो सोनम के साथ लगातार संपर्क में था। सोनम भी उस फैक्ट्री में जाया करती थी, जहां राज काम करता था। इसी दौरान दोनों संपर्क में आए। पहले दोस्ती और फिर यह रिश्ता प्यार में बदल गया। इस बीच रघुवंशी समाज में उसके माता-पिता की ओर से शादी के लिए कराए के रजिस्ट्रेशन के आधार पर राजा से उसका रिश्ता तय हो गया। चूंकि दोनों मांगलिक थे, इसलिए उनकी कुंडली का मिलान होने के आधार पर दोनों परिवार रिश्ते के लिए तैयार हो गए। सूत्रों के मुताबिक, सोनम इस शादी से खुश नहीं थी और इसी वजह से उसने राज के साथ मिलकर राजा को हमेशा के लिए रास्ते से हटाने का प्लान बनाया।

### करीब से वार, सिर घाव मिले

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में राजा रघुवंशी के सिर पर दो बड़े घावों की पुष्टि हुई है। इसमें राजा के सिर पर दो अलग-अलग दिशाओं से तेजधार हथियार के वार किए जाने की बात सामने आई है। एक वार सामने से किया गया मालूम पड़ रहा है जबकि दूसरा वार पीछे से किया गया है। मेघालय एसआईटी के प्रमुख हर्बर्ट पिनियाड खारकोंगोर ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, मृतक राजा रघुवंशी के सिर पर दो चोटें आई हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में धारदार हथियार से सिर पर दो चोटें बताई गई हैं।

## बेंगलुरु में इंजीनियर ने प्रेमिका की चाकू घोंपकर हत्या की





**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक टेक इंजीनियर यशस (25) ने अपनी प्रेमिका हरिनी (33) की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना 6-7 जून की रात पूर्णा प्रजना लेआउट के ओयो होटल के कमरे में हुई। दोनों एक-दूसरे को एक महीने से जानते थे। डब्सीपी साउथ लोकेश बी जगलासर ने बताया कि महिला आरोपी से रिश्ता खत्म करना चाहती थी और दूरी बना रही थी। इसी बात से गुस्साए आरोपित यशस ने उसपर चाकू से 17 बार हमला किया। इससे उसकी मौत हो गई। मृतक हरिनी के 2 बच्चे भी थे। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बेंगलुरु में पत्नी का सिर काटा

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में ही शंकर(28) नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी मानसा (26) का सर काटकर हत्या कर दी। इसके बाद थाना जाकर सरेंडर कर दिया। पुलिस के मुताबिक, शंकर को पत्नी के अवैध संबंधों के बारे में पता चल गया था। पति ने पत्नी को दूसरे शख्स के साथ देख लिया था। 3 जून की रात को शंकर काम पर चला गया और मानसा को बताया कि वह अगली सुबह वापस आएगा। हालांकि, वह रात को ही अचानक वापस लौट आया। उसने देखा कि पत्नी घर में किसी और शख्स के साथ है। इसको लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था।

## सिरसा में चरित्र पर संदेह में पत्नी को उतारा मौत के घाट

### ससुर की शिकायत पर दामाद पर केस दर्ज

**सिरसा (हरिभूमि न्यूज)।** मीरपुर कॉलोनी में सोमवार सुबह एक महिला की सिर पर हथौड़ा मारकर हत्या कर दी गई। शव घर में चारपाई पर पड़ा मिला। हत्या का आरोप उसके पति पर लगा है। बताया जा रहा है कि पति मक्खन ने चरित्र पर संदेह के चलते वारदात को अंजाम दिया। वारदात के बाद पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। मक्खन की शादी 2004 में आरती से हुई थी। परिवार में पति-पत्नी के अलावा उनके दो बच्चे हैं। आरोपित मैकेनिक है। आरती घर में ही टेलरिंग व मनिहारी की दुकान चलाती थी। दोनों बच्चे स्कूल की छुट्टियां होने के कारण गांव हंजीरा में अपनी मौसी के घर गए हुए थे।



**सिरसा।** घटनास्थल पर परिजनों के बयान दर्ज करती पुलिस।

### दोनों एक-दूसरे पर करते थे शक

आरोपित मक्खन पत्नी आरती के चरित्र पर शक करता था, जबकि आरती भी पति के चरित्र पर शक करती थी। दोनों के बीच इस बात को लेकर झगड़ा होता था। इसको लेकर पहले भी कई बार पंचायतें हुई, लेकिन मामला शांत हो जाता। सोमवार सुबह सदर थाना पुलिस को सूचना मिली कि गांव मीरपुर कॉलोनी में एक महिला की हत्या कर दी गई है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरती की लाश कमरे में रखी चारपाई पर पड़ी थी और आसपास के लोग मौके पर एकत्रित थे, जबकि आरोपी मौके से फरार था।

## झज्जर में तेजधार हथियार से महिला को मार डाला

**पति पर ही हत्या के आरोप, बेटे ने दर्ज करवाई शिकायत**

**16 वर्षों से खानपुर खुर्द अपने मायके में रह रही थी महिला**

**झज्जर(हरिभूमि न्यूज)।** गांव खानपुर खुर्द में तेजधार हथियार से महिला की हत्या कर दी गई। आरोपित महिला के पति पर लगे हैं। महिला का शव सुबह घर में लहूलुहान हालत मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाएं। मृतका की पहचान बाला(44) पत्नी विजय निवासी गांव बलयाली जिला भिवानी के तौर पर हुई है। बाला करीब 16 वर्षों से खानपुर खुर्द स्थित अपने मायके में रह रही थी और झाड़ली गांव की मेट्रो मार्केट में चाय की दुकान चलाती थी। झाड़ली चौकी इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सुबह करीब 6 बजे सूचना मिली थी कि खानपुर खुर्द गांव में एक महिला की हत्या हुई है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू। इस संबंध में मृतका के बड़े पुत्र ने अपने पिता पर हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि रविवार की जब वह अपनी ड्यूटी पर था तो उसकी मां ने फोन करके बताया था कि उसका पिता उसके साथ झगड़ा कर रहा है। इसके बाद जब वह ड्यूटी से लौटा तो उसकी मां बाला का शव लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मृतका के पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ में प्रेशर बम फटा

## एएसपी की मौत, डीएसपी और थाना प्रभारी घायल

**सुकमा (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई व दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, अधिकारी आकाश राव गिरपुंजे व कोंटा के डीएसपी भानुप्रताप चंद्राकर और थाना प्रभारी सोनल गवला, जिले के कोंटा क्षेत्र में एक अर्थ-मूवर मशीन को नक्सलियों द्वारा आग लगाने की सूचना मिलने के बाद जवानों के साथ पैदल मौके पर जा रहे थे। इसी दौरान कोंटा-एर्राबोर मार्ग पर डोंड्रा गांव के पास नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम (बारूदी सुरंग) में विस्फोट हुआ, जिससे एएसपी आकाश राव, चंद्राकर और गवला घायल हो गए। तीनों घायल पुलिस कर्मियों को प्रारंभिक उपचार के लिए कोंटा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गिरिपुंजे ने दम तोड़ दिया।

**नक्सली वारदात की आशंका, गश्त पर गए थे अधिकारी**

### पाक के लिए जासूसी मामला

## पंजाब के यूट्यूबर जसबीर को न्यायिक हिरासत में भेजा



**चंडीगढ़ (भाषा)।** मोहाली की अदालत ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद उसे अदालत में पेश किया था। चार जून को गिरफ्तारी के बाद उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया था जिसे बाद में दो दिन के लिए बढ़ा दिया था। सिंह के वकील मोहित धूपर ने कहा कि उसे 23 जून को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। महलान गांव का रहने वाला जसबीर सिंह उर्फ जान महल (41) एक यूट्यूब चैनल जान महल वीडियो चलाता था जिसके 11 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं। वह यात्रा और खाना पकाने के वीडियो ब्लॉग पोस्ट करता था। सिंह पर पाक के लिए जासूसी के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेजी गई ज्योति मल्होत्रा के साथ निकट संपर्क में होने का आरोप है।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी

## हिसार की इन्फ्लुएंसर ज्योति की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ाई



**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** हिसार की अदालत ने सोमवार को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ज्योति मल्होत्रा की न्यायिक हिरासत अवधि 14 दिन के लिए बढ़ा दी और उसके मामले की सुनवाई 23 जून को तय कर दी। यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा (33) सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिसार न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) सुनील कुमार की अदालत में पेश हुई, जिसने उसकी न्यायिक हिरासत दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी। मल्होत्रा के वकील कुमार मुकेश ने कहा, अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है और इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 23 जून की तारीख तय की है। हिसार पुलिस ने 16 मई को जासूसी के संदेह में मल्होत्रा को गिरफ्तार किया था। बाद में अदालत ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था, जिसे पूछताछ के लिए बाद में चार दिन और बढ़ाया गया।

### उपलब्धि — एक दिन के लिए टला मिशन, अब 11 जून को जाएंगे शुभांशु शुक्ला

*भारत से पौधों के बीजों और मानव शरीर पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव का अध्ययन*

## 41 साल बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय होंगे, 28 घंटे की यात्रा के बाद आईएसएस पर पहुंचेंगे

**यह मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और निजी कंपनी स्पेसएक्स की साझेदारी में हो रहा**

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए एक्सिओम-4 मिशन लॉन्चिंग को खराब मौसम के कारण एक दिन के लिए टाल दिया गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से यह जानकारी दी। इसरो ने लिखा कि मौसम की स्थिति के कारण, भारतीय गगनयात्री को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भेजने के लिए मिशन की लॉन्चिंग 10 जून की जगह 11 जून को पोस्टपोन कर दी गई है। लॉन्चिंग का अगला समय 11 जून को शाम 5:30 बजे है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के साथ मिशन स्पेशलिस्ट स्लावोस उज्नांस्की (पोलैंड), टिबोर कापू (हंगरी) और पेगी व्हिटसन (अमेरिका) कमांड करेंगी। पहले ये सभी मंगलवार (10 जून) को सुबह 8:22 बजे जाने वाले थे। यह मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और निजी कंपनी स्पेसएक्स की साझेदारी में संचालित किया जा रहा है। शुभांशु अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक्सिओम स्पेस के चौथे निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन का हिस्सा बनकर इतिहास रचने जा रहे हैं। 41 साल पहले उनके आदर्श राकेश शर्मा ने 1984 में तत्कालीन सोवियत संघ के सोयुज अंतरिक्ष यान पर सवार होकर 8 दिनों तक कक्षा में रहने के लिए अंतरिक्ष उड़ान भरी थी।



### 548 करोड़ रुपये किए खर्च

*भारत ने इस मिशन पर अब तक करीब 548 करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जिसमें शुभांशु और उनके बैकअप ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर के प्रशिक्षण का खर्च शामिल है। आईएसएस पर शुभांशु शुक्ला कई वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे, जिनमें ज्यादातर प्रयोग जैविक आधारित होंगे, जैसे पौधों के बीजों पर अध्ययन और मानव शरीर पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव का विश्लेषण शामिल होगा।*

### 31 देशों से मिले हैं रिसर्च

*एएक्स-4 मिशन 14 दिनों का होगा, जो आईएसएस पर लंबे समय (6 महीने से 1 साल) रहने वाले लोगों की तुलना में बहुत कम है। लेकिन इस दौरान क्रू 60 वैज्ञानिक अध्ययन और गतिविधियां करेंगे, जो 31 देशों (जैसे अमेरिका, भारत, पोलैंड, हंगरी, सऊदी अरब, नाइजीरिया, यूएई, और यूरोप) का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह अब तक का सबसे ज्यादा रिसर्च होगा, जो एक्सिओम स्पेस मिशन पर आईएसएस में किया जाएगा।*


ओ३म्  13वीं पुण्यतिथि  ओ३म्

स्मृति दिवस

ओ३म् कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समा:।
एवं त्वयि नान्यथेतो ऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे। (यजुर्वेद 40-2)

कर्मशील व्यक्ति इस संसार में बिना लिप्त हुए परोपकार व पुरुषार्थ का जीवन जीते हैं।



चौ. खजान सिंह छिकारा
(9 जून 1938 - 10 जून 2013)

भावपूर्ण स्मरण

आपके विचार व सिद्धान्त हमारे मार्गदर्शक रहेंगे

विनीत : छिकारा परिवार, सम्बन्धी, मित्रगण व आर्ष गुरुकुल, गांव जुआं (सोनीपत)

## खबर संक्षेप

### नाबालिग की हत्या के आरोप में 7 गिरफ्तार



**बेंगलुरू।** बेंगलुरू के बाहरी इलाके में एक 17 साल की नाबालिग लड़की का शव सूटकेस से बरामद हुआ था। अब उस मामले में पुलिस ने सोमवार को सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आशिक कुमार नामक व्यक्ति के प्यार में पड़कर बिहार से बेंगलुरू पहुंची थी, जो पहले से ही शादीशुदा है।

### गुजरात हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी




**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरे एक ईमेल से हड़कंप मच गया है। घटना सोमवार को सामने आई जब कोर्ट प्रशासन को एक अज्ञात स्रोत से आधिकारिक आइडी पर धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। जैसे ही इस ईमेल की जानकारी मिली, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं।

### जम्मू-कश्मीर में मोर्टार का गोला बरामद, निष्क्रिय किया

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर में सांबा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र से सोमवार को सुरक्षा बलों ने एक जंग लगा पुराना मोर्टार का गोला बरामद किया, जिसे बाद में सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कुछ स्थानीय लोगों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों की एक टीम ने बसंतर नदी में एक पुराना गोला बरामद किया। उन्होंने बताया कि बाद में इसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया गया।

### लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बनाए गए



**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को भारत सरकार ने डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ नियुक्त किया है। वे डीजीएमओ के पद पर भी बने रहेंगे। रक्षा मंत्रालय ने इस खबर की पुष्टि की है। सेना और खुफिया एजेंसी के बीच समन्वय के लिए यह पद बनाया गया है। राजीव घई को उत्तम युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय सेना और खुफिया एजेंसी समेत अन्य अहम विभागों के बीच सामंजस्य बिठाने के लिए डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (स्ट्रैटजी) की पोस्ट बनाई गई है। यह भारतीय सेना के अहम पदों में से एक होगा।

## मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा

# भारत ने बीते 11 वर्षों में विविध क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा: प्रधानमंत्री

### पिछले 11 वर्षों में सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। सोमवार को अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा होने के अवसर पर मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। सोशल मीडिया मंच पर किए गए पोस्ट में उनके द्वारा साझा किए गए एक लिंक में कहा गया है कि वर्तमान केंद्रीय मंत्रियों में से 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणियों से हैं।

### सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, से प्रेरित




#### हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना

उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, ''बीते 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। 'उज्ज्वला' हो या 'पीएम आवास', 'आयुष्मान भारत' हो या 'भारतीय जनऔषधि' या फिर 'पीएम किसान सम्मान निधि', इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमें अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है, लेकिन साथ ही हम आशा, विश्वास और विकसित भारत के निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं।

#### 40 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद से ये सब हो रहा

इस संदेश का उद्देश्य कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर एससी, एसटी और ओबीसी के हितों के खिलाफ काम करने के आरोपों के बीच उनकी सरकार की सामाजिक न्याय संबंधी साख को उजागर करना है। पोस्ट में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में, हाशिए पर पड़े इन समूहों का यह अब तक का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। 'एक्स' पर अपने पोस्ट में मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने तेज गति से, उचित अनुपात में और संवेदनशीलता के साथ पथ-प्रदर्शक परिवर्तन किए हैं।

### मोदी सरकार के 11 साल का समय जनसेवा के संकल्प का 'स्वर्णिम कालखंड': शाह



**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार के 11 साल का समय जनसेवा के संकल्प, साधना और समर्पण का 'स्वर्णिम कालखंड' रहा है। शाह ने कहा कि यह नया भारत 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' की शक्ति के साथ विकास और आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाकर भारत को हर क्षेत्र में 'नंबर 1' बनाने की यह यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''मोदी सरकार के 11 साल का समय जनसेवा के संकल्प, साधना और समर्पण का 'स्वर्णिम कालखंड' रहा है। सेवा के 11 वर्षों में देश ने आर्थिक पुनरुत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का एक नया युग देखा है।' मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला साल सोमवार को पूरा हो रहा है। गृह मंत्री ने कहा, ''मोदी सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब नेतृत्व स्पष्ट हो, संकल्प अडिग हो और नीयत जनसेवा की हो तो सेवा, सुरक्षा और सुशासन के नए कीर्तिमान बनते हैं।'' शाह ने कहा कि जब 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने देश की बागडोर संभाली थी, तब देश में नीतिगत पंगुता की स्थिति थी।

### पीएम मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदला : नड्डा



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को 'स्वर्ण अक्षरों' में लिखा जाना चाहिए। यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया और एक जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार प्रदान करके सुशासन की राजनीति शुरू की, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संप्रग सरकार 'भ्रष्टाचार, घोटाले और तुष्टीकरण' की राजनीति में लिप्त रही। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा किए गए कार्य असाधारण हैं और उन्हें स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाना चाहिए। नड्डा ने ऑपरेशन सिंदूर और पिछले साल हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हालिया बयानों पर उन्हें आड़े हाथ लेते हुए कहा, ''वह बेबुनियाद सवाल पूछकर गैर-जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं, भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे।'' पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन में गिरावट के बाद केंद्र सरकार की स्थिरता के सवाल पर नड्डा ने कहा कि राजग सरकार न केवल यह कार्यकाल पूरा करेगी, बल्कि अगला कार्यकाल भी पूरा करेगी।

## खरगे ने बोला केंद्र सरकार पर हमला

# 11 साल देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक तानेबाने पर हमला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पिछले 11 साल में देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि सरकार ने इन 11 सालों में संविधान के हर पन्ने पर सिर्फ तानाशाही की स्याही पोती है। उन्होंने कहा, ''भाजपा-आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमजोर किया है और उनकी स्वायत्तता पर हमला किया है।'' खरगे ने कहा कि चाहे जनमत के खिलाफ जाकर पिछले दरवाजे से सरकारें गिराना हो या जबरन एक दलीय तानाशाही लागू करना हो, इस दौरान राज्यों के अधिकारों की अनदेखी की गई है और संघीय ढांचा कमजोर हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लगातार 'घृणा, धमकी और भय' का माहौल फैलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, ''दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है। उन्हें आरक्षण और समान अधिकारों से वंचित करने की साजिश जारी है। मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा भाजपा की प्रशासनिक विफलता का सबसे बड़ा सबूत है।'

### सरकार वर्तमान की बात करना छोड़ अब 2047 के सपने बेच रही है : राहुल गांधी



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल में कोई जवाबदेही नहीं बल्कि सिर्फ प्रचार हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र वर्तमान के बारे में बात करना छोड़ अब 2047 के सपने बेच रहा है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर कम से कम चार यात्रियों की मौत और छह के घायल होने की घटना के बाद राहुल गांधी ने सरकार पर यह हमला किया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, ''जब मोदी सरकार 11 साल की 'सेवा' का जश्न मना रही है, तब देश की हकीकत मुंबई से आ रही दर्दनाक खबर में दिखती है- ट्रेन से गिरकर कई लोगों की मौत।'' उन्होंने कहा कि भारतीय रेल करोड़ों की जिंदगी की रीढ़ है, लेकिन आज यह असुरक्षा, भीड़ और अव्यवस्था की प्रतीक बन चुकी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''मोदी सरकार के 11 साल में न जवाबदेही, न बदलाव, सिर्फ प्रचार हुआ है। सरकार 2025 पर बात करना छोड़, अब 2047 के सपने बेच रही है।'' उन्होंने कहा, ''देश आज क्या झेल रहा है, ये कौन देखेगा? मैं मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह रेल दुर्घटना दिवा और कोपर रेलवे स्टेशन के बीच उस समय घटी जब ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी।

## मुंबई के निकट लोकल ट्रेन से गिरकर चार लोगों की मौत, रेलवे की स्वचालित दरवाजे लगाने की योजना




**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार की सुबह बेहद व्यस्त समय के दौरान भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास उस समय घटी जब ट्रेन तीखे मोड़ पर एक-दूसरे को पार कर रही थीं। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल धनराज नीला ने बताया कि घटना में शामिल लोग दो ट्रेन के पायदान पर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी और दूसरी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई की ओर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि घटना भीड़भाड़ वाली दो ट्रेन के पायदान से लटके यात्रियों और उनके बैग के एक-दूसरे से टकराने के कारण हुई क्योंकि ट्रेन विपरीत दिशाओं से गुजर रही थीं। पुलिस ने बताया कि कसारा जाने वाली एक ट्रेन के गार्ड ने रेलवे अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ट्रेन से गिरे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में ले जाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने निर्णय लिया है कि मुंबई में सभी नयी उपनगरीय ट्रेन में स्वचालित दरवाजे की सुविधा होगी तथा मौजूदा ट्रेन में भी यह व्यवस्था की जाएगी।

### आतंकवाद संबंधी चिंताओं के समाधान होने तक भारत सिंधु जल संधि पर बातचीत नहीं करेगा : सूत्र

पाक के जल संसाधन सचिव ने भारत से फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया

- भारत ने पहलगाम हमले के बाद स्थगित कर दी था सिंधु जल संधि

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान के साथ तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा, जब तक कि आतंकवाद के संबंध में नयी दिल्ली की चिंताओं का समाधान नहीं हो जाता और संधि को पूरी तरह से नया रूप नहीं दे दिया जाता। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने कई बार भारत से सिंधु जल संधि को स्थगित करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। सूत्रों के मुताबिक, अपनी भारतीय समकक्ष देबाश्री मुखर्जी को लिखे कई पत्रों में मुर्तजा ने बार-बार अपनी सरकार की ओर से नयी दिल्ली द्वारा उठाई गई विशिष्ट आपत्तियों पर चर्चा करने की इच्छा व्यक्त की है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। मुखर्जी ने आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान को इस फैसले से अवगत कराया था।

## 2,500 किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर लक्षद्वीप पहुंची सैनुद्दीन की पार्थिव देह...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- पूरे सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई
- सिक्किम में आए भूस्खलन में लापता हुए सेना के 6 जवानों में से एक थे सैनुद्दीन

उत्तरी सिक्किम के छातेन में इस महीने की शुरुआत में भूस्खलन की चपेट में आए सेना के शिविर से लापता हुए 6 में से 1 जवान सैनुद्दीन पी.के का शव बीते रविवार को करीब आठ दिन बाद मंगन जिले में बरामद कर लिया गया था। लेकिन इसके बाद उन्हें जिस तरह से एक बेहद अनोखे संयुक्त-सैन्य अभियान (सेना, वायुसेना और नौसेना) के जरिए अंतिम विदाई दी गई। वह दिखाता है कि सशस्त्र सेनाओं में जब किसी सैन्यकर्मी को अंतिम विदाई दी जाती है तो उसकी पहचान उसके रैंक और पद से ऊपर केवल देश के एक सच्चे सपूत के रूप में ही की जाती है। सेना ने लापता जवानों के लिए युद्धस्तर पर बचाव-राहत अभियान चलाया है। यह जानकारी सेना ने 9 जून को जारी अपने एक बयान में दी। उधर, मंगन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम देचू भूटिया ने कहा कि अन्य लापता लोगों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। भूस्खलन में सेना के 3 जवानों की जान चली गई थी। जबकि 4 अन्य घायल हो गए थे।

#### 2500 किलोमीटर की दूरी तय की गई

सेना ने कहा कि सैनुद्दीन लक्षद्वीप के एंड्रोथ के रहने वाले थे। इसलिए उनकी अंतिम यात्रा के लिए उत्तरी सिक्किम से लक्षद्वीप तक 2 हजार 500 किलोमीटर की लंबी दूरी का भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना का एक अनोखा सैन्य अभियान चलाया गया। जिसमें तीनों सेनाओं के बीच एकजुटता देखने को मिली और उन्हें स्थानीय प्रशासन ने भी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## हमें सोचना चाहिए कि हम देश के लिए क्या कर सकते हैं : मोहन भागवत

**कानपुर (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने सोमवार को विद्यार्थियों और व्यापारियों से चर्चा की तथा कहा कि 'हमें सोचना चाहिए कि हम देश के लिए क्या कर सकते हैं।' संवाद के दौरान आरएसएस प्रमुख ने पूछा क्या,'' हम अपने जीवन में देश में निर्मित स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का संकल्प ले सकते हैं?'' उन्होंने कहा,''यह ऐसा संकल्प है जो हमारे जीवन से शुरू होता है। यह संकल्प हमारे परिवार, हमारे मोहल्ले, हमारे शहर, हमारे राज्य के माध्यम से पूरे देश में स्थापित हो, हमारे देश का पैसा हमारे देश में रहे और इसका उपयोग हमारे देश के विकास के लिए हो, हमें ऐसी सोच के साथ अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए।'

Gujarat based leading Automotive Parts Manufacturer requires Following Personnel at Rajkot Unit (Gujarat, India)

BHAVANI

**SENIOR MANAGER**
**HEAD (FORGING DIVISION)**

Qualification and Experience : Diploma / B.E. (Mechanical) with 15 - 20 years of experience with similar Job Profile


Area of Experience

- Should possess knowledge of Cold, Warm & Hot Forging.
- Should possess experience of managing Cold Part Former / Press Division independently.
- Should have knowledge of forging process design and familiarity with simulation software.
- Should be capable of team building and cohesive working towards problem solving.
- Should be well versed with QMS / IATF 16949 requirements.

**BHAVANI INDUSTRIES INDIA LLP**
Mo. 98799 48324 • Email: hr@bhavani.co.in
visit us: www.bhavani.co.in

## व्यापार समाचार

### बैंक शेयरों में बढ़त से सेंसेक्स 256 अंक मजबूत, निफ्टी 100 अंक चढ़ा



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 256 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 100 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी और भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती के बाद निवेशकों की धारणा में सुधार से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 256.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,445.21 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 100.15 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,103.20 अंक पर बंद हुआ। चार दिन की तेजी से निफ्टी 560 अंक यानी 2.27 प्रतिशत लाभ में रहा जबकि सेंसेक्स 1,707 अंक मजबूत हुआ है।

### 2025-26 खरीफ सत्र में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन की उम्मीद



**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अगले महीने से शुरू होने वाले 2025-26 के खरीफ सत्र के दौरान भारत में खाद्यान्न उत्पादन में नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मानसून की बारिश सामान्य से अधिक रहने के पूर्वानुमान के चलते ऐसा हो सकता है। चौहान ने साक्षात्कार में नकली और घटिया कीटनाशकों की बिक्री को रोकने के लिए कड़े कानून बनाने और संतुलित उर्वरक का इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बेहतर कार्यान्वयन की बात भी कही। वह देश भर में 15 दिवसीय राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। इस दौरान मंत्री ने कहा कि खरीफ बुवाई से पहले संपर्क कार्यक्रम कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियों और अनुसंधान योजनाओं को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

pfrda




दिनांक: 10 जून, 2025

UPS Unified Pension Scheme — Assured Payout for Government Employees

NPS TRUST

**सार्वजनिक सूचना**

ऐसे अभिदाता, जो न्यूनतम 10 साल की अर्हता सेवा के साथ 31/03/2025 को या उससे पहले सेवानिवृत्त हुए हों अथवा कानूनी रूप से विवाहित उनके पति/पत्नी, पहले से दावा किए गए एनपीएस लाभों के **अलावा**, एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के अंतर्गत निम्नलिखित **अतिरिक्त लाभों** का दावा कर सकते हैं।

- **एकमुश्त भुगतान** (एक बार में) अंतिम आहरित मूल वेतन और उस पर महंगाई भत्ते का दसवां हिस्सा, जो अर्हता सेवा के दौरान पूर्ण की गयी प्रत्येक छमाही के लिए होगा।
- **मासिक टॉप–अप राशि** की गणना निम्नलिखित आधार पर की जाएगी – स्वीकार्य यूपीएस भुगतान + **महंगाई राहत (डीआर)** – एनपीएस के तहत प्रतिनिधि वार्षिकी राशि।
- लागू पीपीएफ दरों पर **साधारण ब्याज के साथ बकाया राशि।**

**यूपीएस लाभों का दावा करें**

**भौतिक माध्यम से** – www.npscra.nsdl.co.in/ups.php लिंक से फॉर्म डाउनलोड करें और डीडीओ के पास फॉर्म जमा करें। (बी2 – अभिदाता के लिए और बी4/बी6 – कानूनी रूप से विवाहित उनके पति/पत्नी के लिए)
**ऑनलाइन माध्यम से** – ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए www.npscra.nsdl.co.in/ups.php लिंक पर जाएं।

**दावा करने की अंतिम तिथि: 30 जून 2025**

अधिक जानकारी के लिए, नीचे दिए गए लिंक पर वेबिनार में शामिल हो सकते हैं:
https://www.pfrda.org.in/index1.cshtml?lsid=546

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

**राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास** बी–302, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029 | यूपीएस हेल्प डेस्क (टोल–फ्री) नंबर: 18005712930 | फॉलो करें

## चिंतन

# आतंकवाद पर एक्शन के बिना सिंधु जल संधि पर बात नहीं

आतंकवाद पर भारत का स्पष्ट संदेश है कि जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगा। पाकिस्तान को अब तक समझ जाना चाहिए कि वह जब तक आतंकवाद के खिलाफ संतोषप्रद कार्रवाई नहीं करता है, तब तक वह भारत से कोई अपेक्षा नहीं करे। पहलगाम में नृशंस आतंकी घटना के बाद भारत ने आतंकवादियों, आतंकी गुटों व दहशतगर्द की साजिश रचने वालों के खिलाफ कई कदम उठाए। कश्मीर स्थित आतंकी गुट द रेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी, टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है, इससे साफ हो गया था कि पहलगाम आतंकी हमले में पाक के आतंकी गुट का हाथ है। उसके बाद भारत ने पाकिस्तान से सभी प्रकार के ट्रेड बंद किए, सीमा को बंद किया, पाक नागरिकों को वापस भेजा, उच्चायोग से कर्मियों की संख्या में कटौती की और सिधु जल समझौते को निलंबित किया। ऑपरेशन सिंदूर लांच करके भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किए। अभी दोनों मुल्कों के बीच संघर्ष विराम पर सहमति बनी है, लेकिन भारत ने सिंधु जल समझौते को निलंबित ही रखा है। भारत ने पाकिस्तान को साफ बता दिया है कि भारत सिंधु जल संधि पर तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा, जब तक कि आतंकवाद के संबंध में नई दिल्ली की चिंताओं का समाधान नहीं हो जाता और संधि को पूरी तरह से नया रूप नहीं दे दिया जाता। पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने कई बार भारत से सिंधु जल संधि को स्थगित करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। अपनी भारतीय समकक्ष देबाश्री मुखर्जी को लिखे कई पत्रों में मुर्तजा ने बार-बार अपनी सरकार की ओर से नई दिल्ली द्वारा उठाई गई विशिष्ट आपत्तियों पर चर्चा करने की इच्छा व्यक्त की है। अभी भारत ने पाकिस्तान के किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। मुखर्जी ने आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान को इस फैसले से अवगत कराया था। सिंधु जल संधि के मुताबिक, भारत से पाकिस्तान को सिंधु, झेलम व चिनाब नदियों के 80 फीसदी जल पहुंच रहे थे, भारत केवल 20 फीसदी ही अपने पास रख रहा था। इस समझौते के स्थगित होने से अब भारत बाध्य नहीं है। इन तीन नदियों के जल से न केवल पाकिस्तान के लोगों की प्यास बुझती है, बल्कि बड़े हिस्से में सिंचाई भी होती है। पूर्व में भारत और पाकिस्तान के संबंध कई बार खराब हुए, लेकिन भारत ने कभी जल प्रबंधित नहीं किया। इस बार पाकिस्तान के आतंकी गुटों ने मानवता की सारी हदें पार कर दी। भारत लंबे समय से आतंकी गुटों के खात्मे के लिए पाकिस्तान से कह रहा है, भारत में अनेक आतंकी हमले में पाकिस्तान की एस्टाब्लिशमेंट के हाथ रहे हैं, भारत ने डोजियर के जरिये इसके सबूत भी दिए हैं। लेकिन पाकिस्तान अपनी जमीं से आतंकवाद को खत्म करने के लिए तैयार नहीं दिख रहा है। अब भारत ने दो टूक कहा है कि पाकिस्तान पहले अपने यहां से आतंकवाद का सफाया करे, भारत को आश्वस्त करे कि उसकी एस्टाब्लिसमेंट (फौज और आईएसआई) सीमा पार से कोई भी आतंकी हरकत नहीं करेगी, इसके बाद ही जल समझौते के निलंबन को हटाने पर विचार होगा। पाकिस्तान को कड़ा सबक देना जरूरी है, भारत पाक प्रायोजित आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा, ऑपरेशन सिंदूर भी जारी है।

# आतंकवाद के खात्मे को केंद्र प्रतिबद्ध



**दो टूक**
सुरेश पचौरी

> ऑपरेशन सिंदूर के पहले चरण को एक माह पूरा होने जा रहा है। देशवासियों ने भारत की बहादुर सेना के अद्भुत पराक्रम को देखा है, लेकिन विपक्ष के कतिपय नेताओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जिस तरह के प्रश्न उठाए जा रहे हैं वे न तो सामयिक हैं और न ही उनका कोई औचित्य दिखता है। जो प्रमुख प्रश्न उठाए जा रहे हैं, वे हैं : सीजफायर क्यों किया गया? क्या इस फैसले में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दबाव डाला? ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की कितनी सैन्य क्षति हुई? इस विषय में चर्चा के लिए संसद का सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा है? ये सवाल आज की परिस्थितियों में गैरवाजिब हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रथम वर्ष की उल्लेखनीय उपलब्धि ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी है। इस कामयाबी का पूरा श्रेय भारतीय सेना को जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के पहले चरण को एक माह पूरा होने जा रहा है। देशवासियों ने भारत की बहादुर सेना के अद्भुत पराक्रम को देखा है, लेकिन विपक्ष के कतिपय नेताओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जिस तरह के प्रश्न उठाए जा रहे हैं वे न तो सामयिक हैं और न ही उनका कोई औचित्य दिखता है। जो प्रमुख प्रश्न उठाए जा रहे हैं, वे हैं : सीजफायर क्यों किया गया? क्या इस फैसले में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दबाव डाला? ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की कितनी सैन्य क्षति हुई? इस विषय में चर्चा के लिए संसद का सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा है? ये सवाल आज की परिस्थितियों में गैरवाजिब हैं। इन सारे सवालों के उत्तर उचित फोरम पर दिए जा चुके हैं।

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को दिल दहला देने वाले आतंकी हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, सीडीएस एवं तीनों सेना के अध्यक्षों के साथ लगातार बैठकें की, रणनीति बनाई, लक्ष्य निर्धारित किया और आतंकवादियों के सफाये का अभियान शुरू किया, जिसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। 7-8 मई की रात को भारत की सेना ने पाकिस्तान में लगभग 100 किलोमीटर घुसकर लक्षित हमला किया, जिसमें आतंकियों के नौ ठिकानों, उनके प्रशिक्षण शिविरों तथा पाक एयरबेस सिस्टम को तबाह कर दिया। भारतीय सेना ने राफेल जेट, एससीएएलनी मिसाइलों तथा हैमर बमों का उपयोग करके केवल 22 मिनट में मिशन पूरा किया। वस्तुतः पहली बार किसी देश ने परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र के हवाई ठिकानों पर सफलतापूर्वक हमला किया। यह सामान्य साहस की बात नहीं है। दूसरी ओर आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तान के अनेक नेताओं, उच्च अधिकारियों तथा पाक सेना प्रमुख के शामिल होने से फिर इसकी पुष्टि हो गई कि आतंकवादियों के पाक सेना से बहुत गहरे संबंध है।

यह भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का नतीजा है कि महज 3-4 दिन में पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और युद्ध रोकने की गुहार करने लगा। भारतीय सेना से गहरी मार खाने के बाद पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से 10 मई 2025 को निवेदन किया और अंततः भारत ने अपनी जबावी कार्यवाही को स्थगित कर दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी कतर देश की यात्रा के दौरान स्वयं कहा है कि मैं यह नहीं कहता कि मैंने मध्यस्थता की है। ट्रंप के कथन को लेकर भारत के रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और सेनाध्यक्षों ने जो सही वस्तुस्थिति बताई है, भरोसा उस पर ही किया जाना चाहिए। सीडीएस अनिल चौहान ने स्वयं कहा है कि इस युद्ध में भारत की एकतरफा जीत हुई है। सेना के शीर्ष नेतृत्व की बात ही युद्ध के संदर्भ में मानी जानी चाहिए। जहां तक संसदीय सत्र बुलाने की बात है, देश की सुरक्षा और युद्ध ऐसे संवेदनशील विषय हैं जिन पर सार्वजनिक चर्चा से यथासंभव बचना चाहिए।



ऑपरेशन सिंदूर के कई सकारात्मक पक्ष सामने आए हैं। पहला है, राजनीतिक इच्छा शक्ति, दूसरा सटीक और पुख्ता इन्टेलिजेन्स, तीसरा भारतीय सेना की प्रोफेशनल क्षमता और चौथा देश की एकजुटता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई को राष्ट्र के नाम संबोधन में, फिर 13 मई को आदमपुर में और इसके बाद बीकानेर में भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के प्रत्येक पहलू को स्पष्ट कर दिया है।

उन्होंने कहा है कि हमारी सेनाएं सतर्क हैं। हम पाकिस्तान की हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने इस बात को कई बार जोर देकर कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, साथ ही उन्होंने कहा कि आतंकवाद और बातचीत, व्यापार और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चलेगा। अगर यह युग युद्ध का नहीं है तो आतंकवाद का भी नहीं है। आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं हैं, इससे पूरी दुनिया त्रस्त है। प्रधानमंत्री की स्पष्ट घोषणा है कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। सीमा पर प्रोक्सीवॉर नहीं चलेगा। पाकिस्तान से अगर बातचीत होगी, तो उसका एजेंडा आतंकवाद की समाप्ति एवं पीओके होगा। भविष्य में आतंकवादी घटनाएं हुई तो उसे 'एक्ट ऑफ वॉर' मानकर ही कार्रवाई होगी। हम गोली का जबाब गोलों से देंगे। प्रधानमंत्री के इस तरह दो टूक वक्तव्यों के बाद अब किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ऑपरेशन सिंदूर के सम्बन्ध में वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए जो सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अनेक देशों में भेजा और उन सदस्यों ने जिस कुशलता से भारत का पक्ष रखा उससे उन देशों के मन में उठ रहे सारे प्रश्नों का उत्तर मिल गया होगा। दूसरी ओर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों शशि थरूर, सलमान खुर्शीद, आनंद शर्मा, मनीष तिवारी, सुश्री कनीमोजी, सुप्रिया सुले, प्रियंका चतुर्वेदी और अस्सुद्दीन ओवेसी आदि पर कुछ लोग सवालिया निशान लगा रहे हैं। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के कांग्रेस पार्टी के सदस्यों पर कांग्रेस के ही कुछ लोगों द्वारा उठाए जा रहे सवाल दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

स्मरणीय है कि 1994 में पाकिस्तान ने कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत को घेरने की रणनीति बनाई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानते हुए तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेयी को भारतीय प्रतिनिधिमंडल का मुखिया बनाकर जिनेवा भेजा था। अटल की बुद्धिमत्ता, उनकी तर्कपूर्ण पैरवी और नरसिंह राव की कूटनीति के सामने पाकिस्तान का झूठ टिक नहीं पाया। जो दायित्व देशहित में अटल बिहारी वाजपेयी ने विपक्षी नेता के रूप में उस समय निभाया था, वही दायित्व अभी कांग्रेस के शशि थरूर, सलमान खुर्शीद, आनन्द शर्मा, मनीष तिवारी ने निभाया है, और इन्होंने पाक को बेनकाब किया है। कांग्रेस के जो नेता अपने साथियों की प्रतिनिधिमंडल में भूमिका पर तरह-तरह के प्रश्न उठा रहे हैं, यह अनुचित है, चूंकि पाकिस्तान इस तरह के वक्तव्यों को भारत के खिलाफ दुष्प्रचार में उपयोग करता है।

यह भी याद रखना होगा कि 26 नवम्बर, 2008 को जब लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षित आतंकवादियों ने मुंबई पर सबसे बड़ा हमला किया था, जिसमें 160 से अधिक लोगों की जानें गई थीं उस समय तत्कालीन सरकार ने क्या-क्या कार्रवाई की थी? आज जब ऑपरेशन सिंदूर पर अनावश्यक प्रश्न उठाए जा रहे हैं तो मुंबई हमले के बाद तत्कालीन सरकार की भूमिका से भी इसकी तुलना होगी।

(लेखक पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**दरकार**
मानस गर्ग



# सख्त डाटा सुरक्षा कानून बने

रमेश कुमार का मोबाइल फोन इन दिनों हर कुछ मिनट में घनघनाता रहता है। वो बेहद परेशान हैं। आखिर उनका मोबाइल नंबर कैसे एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स के पास पहुंच गया? कैसे एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स को यह जानकारी मिल गई कि उनकी बेटी ने कक्षा 12 की परीक्षा पास की है? यह पीड़ा केवल अकेले रमेश कुमार की नहीं है, देशभर में ऐसे लाखों अभिभावक हैं, जिनका डाटा कहीं न कहीं साझा कर दिया गया है। न केवल मार्केटिंग कंपनियों के पास आम नागरिक का डाटा है, बल्कि एजुकेशन इंस्टीट्यूट, मेडिकल इंडस्ट्री और ऐसी अनेक ऑर्गेनाइजेशन्स की आम नागरिक के डाटा तक आसान पहुंच बन चुकी है। शायद यही कारण है कि भारत सरकार को डाटा गोपनीयता को लेकर नया कानून लाने पर विचार करना पड़ा है। जनवरी 2025 में इसका एक ड्राफ्ट भी सामने आ चुका है, लेकिन गंभीर सवाल यह है कि क्या डाटा गोपनीयता कानून के बाद लोगों को राहत मिलेगी, क्योंकि जिस अंदाज में कंपनियां हमारे डाटा को लेकर व्याकुल हैं, उन्हें शांत करना आसान नहीं होगा। सरकार को बेहद कड़े कदम उठाने होंगे। अब एक नागरिक की पहचान केवल आधार नंबर या पेन कार्ड भर से नहीं रह गई है, बल्कि डिजिटल उपस्थिति से भी उसकी पहचान गाढ़ी जा रही है। फिर वही सवाल, क्या डिजिटल पहचान की सुरक्षा के लिए आम नागरिक के पास कोई अधिकार है? क्या आम नागरिक को यह जानने का अधिकार है कि उसका डाटा कहां, कैसे और क्यों इस्तेमाल हो रहा है? दरअसल, मार्केटिंग कंपनियों और कई संस्थाओं के लिए हमारा डाटा एक नया फ्यूल बन गया है। इसे विज्ञापन प्रोफाइलिंग और कई बार धोखाधड़ी के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। डिजिलॉकर से आधार नंबर संबंधी डिटेल्स बाहर आने के कई मामले सामने आए हैं, इसलिए डाटा की सुरक्षा सिर्फ एक तकनीकी मुद्दा भर नहीं रह गया है, बल्कि यह एक नीतिगत और नैतिक विषय भी है। अभी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी हमने देखा कि किस तरीके से देश में सीमा पार से साइबर अटैक बढ़े। साइबर अपराधी आम नागरिक के बैंक अकाउंट में सेंध लगा लेते हैं। केवल डाटा सुरक्षा नहीं, साइबर सुरक्षा को लेकर भी सरकार को बड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। अब जरा, यूरोपीय संघ के जनरल डाटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (जीडीपीआर) पर नजर डालते हैं। वर्ष 2018 में यूरोपीय संघ ने इसे लागू किया था, जिसमें डाटा को निजात का हिस्सा और मानवाधिकार माना गया। इस यूरोपीय मॉडल के अनुसार नागरिकों को कई अधिकार दिए गए हैं। उनकी बिना अनुमति डाटा नहीं लिया जा सकता। आम नागरिक को यह जानने का अधिकार होता है कि कौन डाटा रख रहा है और क्यों रख रहा है? वह उपयोगकर्ता से अपने डाटा को मिटवा भी सकता है। एक सेवा से दूसरी में डाटा ट्रांसफर कर सकता है। वर्ष 2023 में भारत सरकार ने भी इस दिशा में पहला कदम बढ़ाया। डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट, जिसे डीपीडीपीए भी कहा जाता है, को पारित किया। यह कानून यूरोपीय संघ के जीडीपीआर से प्रेरित है, लेकिन भारत की जरूरतों और परिस्थितियों के अनुसार इसे तैयार किया गया है। डीपीडीपीए के तहत आम नागरिक को सहमति का अधिकार है, यानी बिना उसकी स्पष्ट अनुमति के कोई डाटा नहीं लिया जा सकता है। उसे यह जानने का अधिकार है कि कौन, क्यों और कैसा डाटा इस्तेमाल कर रहा है? उसे सुधार और हटवाने का अधिकार है। उसे शिकायत का अधिकार दिया गया है, यानी यदि उसके डाटा का दुरुपयोग हुआ है तो शिकायत की करने की एक प्रक्रिया निर्धारित की गई है। यदि जीडीपीआर और डीपीडीपीए का तुलनात्मक अध्ययन करें तो पाएंगे कि जहां जीडीपीआर में डाटा की परिभाषा व्यापक और स्पष्ट है, वहीं डीपीडीपीए में कुछ मामलों में अस्पष्टता नजर आती है। भारत जैसे देश में डिजिटल साक्षरता अभी भी बड़ी चुनौतियों भरी है। भारत में डीपीडीपीए का सफल क्रियान्वन तभी होगा, जब शिक्षा, जन-जागरुकता और टेक्नोलॉजिकल जवाबदेही साथ-साथ चलें। डीपीडीपीए-2023 भारत के डिजिटल लोकतंत्र की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह न केवल बड़ा तकनीकी बदलाव है, बल्कि सामाजिक और नैतिक घोषणा भी है। भारत का प्रत्येक नागरिक सिर्फ डाटा उपभोक्ता भर नहीं, बल्कि उसका स्वामी भी है। भारत में मौलिक अधिकारों में डाटा नियंत्रण को भी शामिल करने की जरूरत है। डाटा सुरक्षा का विषय स्कूलों में पाठ्यक्रम में भी शामिल करना चाहिए। जिस तरीके से कंपनियों की पहुंच डाटा तक आसानी से हो रही है, यह चिंतनीय है। उम्मीद यही है कि केंद्र सरकार ठोस कदम उठाएगी, ताकि आम नागरिक का डाटा सुरक्षित रहे। बिना उसकी अनुमति के उसके डाटा का उपयोग न हो सके।

(लेखक साइबर सिक्योरिटी एवं आईटी एक्ट के विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

## हमारी जिंदगी का लक्ष्य क्या है, क्या चाहती है



संकलित
**दर्शन**

क्या जिंदगी की पुकार, जैसा कुछ होता है? कैसे जानें कि हमारी जिंदगी हमसे क्या चाहती है? सद्गुरु- मैं चाहता हूं कि यह आप ठीक से समझ लें, कि जिंदगी की पुकार जैसी चीज तो नहीं होती, लेकिन जिंदगी आपको हमेशा पुकार रही है, आपसे कुछ कह रही है, भीतर से भी और बाहर से भी। जब आप जीवन की पुकार का सचमुच जवाब देंगे, तभी आप जीवन को उसकी संपूर्णता में जान पाएंगे। अगर जीवन आपको पुकार रहा है, तो बड़ी लगन और जुनून से आपको उसकी तरफ जाना होगा, हिचकिचा कर हिसाब लगाते हुए नहीं।इसलिए नहीं कि आपका अहं जो हमेशा कुछ अलग करने की चाह रखता है, तुष्ट हो सके। बल्कि इसलिए कि आप अपनी पूरी क्षमता के साथ अपनी जिंदगी जी सकें। अगर जिंदगी के हर पहलू को ले कर आपमें एक जुनून है, तो आप आसानी से समझ जाएंगे कि आप किस काम में अच्छे हैं। हो सकता है आप किसी ऐसे काम में अच्छे हों, जो आपने अभी तक किया ही न हो। हर उस चीज में जोश व जुनून के साथ शामिल होना चाहिए, जिसे आपकी पांचों इंद्रियां महसूस कर सकती हों। सही अर्थों में देखा जाए तो यही करुणा है। करुणा का मतलब दया भाव नहीं है, यह तो एक साधन है, बिना किसी पूर्वाग्रह के शामिल होने का। जिस क्रम में जीवन घटित होता है, उसमें सबसे पहले है होना, फिर करना और तब पाना। लेकिन आजकल लोग हमेशा सबसे पहले पाने के बारे में सोचते हैं।


## प्रेम के पांच पुष्प बाण यानि हमारी इंद्रियां



संकलित
**प्रेरणा**

भारतीय पौराणिक कथाओं में प्रेम के देवता का एक नाम अनंग है। अनंग का अर्थ है, जिसके शरीर का कोई अंग न हो। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रेम निराकार होता है। उसके पास एक धनुष और पांच बाण रहते हैं। ये पांच बाण पांच फूलों से बने होते हैं यानी हमारी पांच इंद्रियां। और जब वे इन पांच फूलों से तुम्हें छूता है, तो इन्हीं इंद्रियों के माध्यम से तुम कुछ ऐसा अनुभव करते हो जो इंद्रियों से परे है। और तुम्हारे भीतर गहराई में एक सौंदर्य की लहर उठती है जो मधुर शहद की तरह रस पैदा करती है। जब आप कुछ भी अद्भुत अनुभव करते हैं, चाहे वह संगीत हो या कोई सुगंध या किसी प्रियजन का संपर्क तो आपकी आंखें अपने आप बंद हो जाती हैं और आप सौंदर्य के सागर में डूब जाते हैं। आप अपने स्वभाव में आ जाते हैं। ऐसे क्षणों में आप साकार से निकलकर उस निराकार में विलीन हो जाते हैं। आपके भीतर ऊर्जा एक नई दिशा में बहने लगती है। जैसे ध्यान में उत्थान का आभास होता है, चिरस्थायी आनंद का अनुभव होता है। जिस तरह वसंत ऋतु में सारी सृष्टि खिल उठती है, पक्षी गाते हैं, वैसे ही जब आपके भीतर ऊर्जा जागती है, तो विस्मय होता है। आप आलस्य और जड़ता त्याग देते हैं और नए जीवन का उदय होता है। अगर यह ऊर्ध्वगमन जीवन में न हो, तो आप नीरस हो जाते हैं। इंद्रियों का अत्यधिक उपभोग करते-करते आप जड़ हो जाते हैं। सृष्टि आपकी पांच इंद्रियों पर पांच बाणों से चोट करती है, आपके भीतर गहराई में सौंदर्य की भावना जगाने के लिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### परेशानी का कारण न बने रील्स

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। *- हेमेन्द्र कुमार, रायपुर*

## करंट अफेयर

# भिखारियों से बेइज्जती कार्रवाई करेगी पाक सरकार

सऊदी, संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देशों में भिखारियों को लेकर पाकिस्तान की फजीहत अब आम बात हो गई है। फटेहाल पाकिस्तान के भिखारी यूएई, कतर, ओमान, इराक और मलेशिया जैसे देशों से भी भगाए जा रहे हैं। सऊदी अरब ने बीते 16 महीनों में 5 हजार से अधिक पाकिस्तानी भिखारियों को डिपोर्ट किया है। भिखारियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय बेइज्जती झेल रहे पाकिस्तान ने डिपोर्ट किए गए अपने लोगों के खिलाफ कदम उठाने का फैसला किया है। ये सभी अंतरराष्ट्रीय भिखमंगी सिंडिकेट का हिस्सा हैं। पाकिस्तान ने भिखारियों का पासपोर्ट कैंसिल करने, उन पर पांच साल का ट्रैवल बैन लगाने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का फैसला किया है। डिपोर्ट किए गए 7,873 भिखारियों के खिलाफ यह कार्रवाई की जाएगी। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में अनुमान लगाया था कि पाकिस्तान के 2.2 करोड़ लोग भिखमंगी में संलिप्त हैं जो हर साल 42 अरब पाकिस्तानी रुपये का योगदान देते हैं। पाकिस्तान के भिखारी विदेशों में भीख मांगकर लाखों कमाते हैं जो देश की जीडीपी का अहम हिस्सा है। ऐसे में पाकिस्तान भिखारियों के मुद्दे पर तब तक आंख मूंदे था।



## ऑफ बीट

# चींटियों ने तैयार किया था मंदिर का नक्शा

हिमाचल प्रदेश के करसोग की पहाड़ियों के बीच एक रहस्यमय मंदिर है चिंडी माता मंदिर। इस मंदिर की देवी मां चंडी हैं। ये मंदिर शिमला के रास्ते पर करसोग से 13 किमी. पीछे स्थित है। वहीं ये रहस्यमय मंदिर हिमालय के आकर्षण का केंद्र भी है। चिंडी माता मंदिर को कई चीजें खास बनाती हैं। जैसे इसका रहस्यमयी इतिहास, प्राचीन आठ भुजाओं वाली पत्थर से बनी मूर्ति। कहा जाता है कि निःसंतान का मां संतान का वरदान देती है, वहीं कहा जाता है कि चिंडी माता मंदिर का नक्शा किसी इंसान के हाथ से नहीं, बल्कि मेहनती चींटियों ने तैयार किया था। सदियों से चल रही कहानियों की मानें तो माता रानी कन्या रूप में प्रकट हुई थी। चींटियों की डोर बनाकर नक्शा तैयार किया था और माता ने मंदिर का निर्माण खुद किया था। मान्यताओं के अनुसार नक्शे की जानकारी माता ने पंडित को स्वप्न में आकर दी थी। इतना ही नहीं उसके बाद मंदिर के तालाब और भंडार का नक्शा भी चींटियों ने ही बनाया था। ये मंदिर लकड़ी से बना है और देखने में बेहद आकर्षक और सुंदर लगता है, इस मंदिर में कई मंजिलें हैं, छतों पर कुलदेवताओं के प्रतीक उकेरे गए हैं। इस मंदिर को लेकर मान्यता है कि यहां आने वाले निःसंतान भक्तों को संतान की प्राप्ति होती है।



## ट्रेंड

### सेवाभाव के ग्यारह साल



बीते 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव से लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### चुनाव आयोग का अच्छा कदम



मतदाता सूची सौंपने के लिए चुनाव आयोग द्वारा उठाया गया पहला अच्छा कदम। क्या चुनाव आयोग कृपया यह बता सकता है कि यह डेटा डिजिटल, मशीन-पठनीय प्रारूप में कब तक सौंप दिया जाएगा?
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता



सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को गति प्रदान करतीं प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत, जन आरोग्य योजना, जन धन योजना आमजन के जीवन को सुगम बनाने के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी

### ऐसे लोगों से दूर रहें



उन लोगों से दूर रहें जो आपको थका देते हैं। ऐसी बहसों से दूर रहें जो कभी खत्म नहीं होतीं। अपनी योग्यता साबित करने के लिए लोगों को खुश करने की कोशिश न करें। नकारात्मकता से दूर जाने वाला हर कदम शांति की ओर एक कदम है।
-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

रोनाल्डो ने दागा कॅरियर का 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल

# पुर्तगाल बना नेशंस लीग चैंपियन, स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराया

## रोमांचक फाइनल मुकाबले में 2-2 से बराबर रहा मैच

एजेंसी ▸▸ म्यूनिख

पुर्तगाल ने नेशंस लीग के रोमांचक फाइनल मुकाबले के 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 5-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुर्तगाल ने दो बार पिछड़ने के बाद मैच में वापसी करते हुए स्कोर को 2-2 से बराबर किया जिसके बाद यह मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंच गया। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रही।

पेनल्टी शूट में शुरुआती तीन गोल के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने स्पेन के लिए अल्वारो मोराटा की चौथी पेनल्टी बचाई, फिर रुबेन नेवेस ने अपनी टीम की पांचवीं पेनल्टी को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी। मोराटा एकमात्र खिलाड़ी था स्पॉट किक से गोल करने से चूक गए। अपने प्रयास के विफल होने के बाद वह भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और उनकी आंखें नम हो गई।

### 61वें मिनट में की बराबरी

रोनाल्डो ने नियमित समय के 61वें मिनट में अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए करियर का 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल करके पुर्तगाल को मुकाबले में बराबरी दिलाई। इससे पहले माइकल ओयारजाबल ने स्पेन को मध्यांतर से पहले तक बढ़त दिला दी थी। ओयारजाबल ने 45वें मिनट में पेड्री के बनाए मौके पर गोलकीपर कोस्टा को छकाते हुए स्पेन को मैच में दूसरी बार बढ़त दिलाई थी।




### रोनाल्डो की आंखों में छलके खुशी के आंसू

दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो उस समय भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए जब स्पेन के खिलाफ नेशंस लीग फुटबॉल के फाइनल में पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने अल्वारो मोराटा की चौथी पेनल्टी बचाई और फिर रुबेन नेवेस ने अपनी टीम की पांचवीं पेनल्टी को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी। टीम की जीत तय होते ही रोनाल्डो की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। उन्होंने कहा कि देश के लिए ट्रॉफी जीतने से बड़ा कुछ भी नहीं। पुर्तगाल के इस 40 साल के कप्तान ने कहा, 'मैंने अपने क्लबों के साथ कई खिताब जीते हैं, लेकिन पुर्तगाल के लिए जीतने से बड़ा कुछ नहीं है।'

### स्पेन का आक्रमण फेल



यूरोपीय चैंपियन स्पेन के आक्रमण में वह सामंजस्य और प्रवाह नहीं दिखा जो उसने बृहस्पतिवार को फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में 5-4 की जीत में दिखाया था। मैच के 21 में मिनट में टीम को किस्मत का साथ मिला जब युवा लामिने यामल के क्रॉस से निपटने में पुर्तगाल की रक्षापंक्ति नाकाम रही और मार्टिन जुबिमेंडी ने उसे गोल में बदल दिया। इसके पांच मिनट के बाद ही हालांकि नूनो मेंडेस ने गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया।

### मेंडिस मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

मेंडिस को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस 22 साल के खिलाड़ी ने टीम के लिए पहला गोल करने के बाद रोनाल्डो के गोल में सहायक की भूमिका निभाई और पूरे मैच के दौरान यामल पर नियंत्रण बनाए रखने में अहम योगदान दिया।

क्रिकेट

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर जीती टी-20 श्रृंखला



एजेंसी ▸▸ ब्रिस्टल

इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज को नौ गेंद शेष रहते चार विकेट से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। टीम ने इससे पहले तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भी सूपड़ा साफ किया था जिससे नए कप्तान हैरी ब्रूक को 11 दिनों के अंदर दूसरी श्रृंखला में जीत दर्ज की। जोस बटलर के बाद टीम की कमान संभालने वाले ब्रूक की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है। वेस्टइंडीज ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर छह विकेट पर 196 रन बनाए। इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाकर मैच और श्रृंखला जीत ली। इंग्लैंड ने नौ गेंद शेष रहते जीत दर्ज की लेकिन उसके लिए वेस्टइंडीज के लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। जरूरी रनरेट एक समय 11 रन प्रति ओवर से अधिक हो गया था। टीम हालांकि शीर्ष क्रम में छह में से पांच बल्लेबाजों के शानदार प्रयास से जीत दर्ज करने में सफल रही। जैकब बेथेल (26 रन) और टॉम बैंटन (नाबाद 30) ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंदों पर 56 रन की साझेदारी कर वेस्टइंडीज की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। श्रृंखला के शुरुआती मैच में 96 रन बनाने वाले बटलर ने 36 गेंदों पर 47 रन बनाकर एक बार फिर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे।


## पूर्व रेलवे

**हावड़ा मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली यात्री वाही ट्रेनों में एसएलआर तथा आरटीवीपी के पार्सल की जगह पट्टे पर प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

रेलवे प्रशासन द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम : आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी प्रारूप के माध्यम से दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 05 यात्री वाही ट्रेनों में 5 अदद एसएलआर तथा 01 यात्री वाही ट्रेन में 01 अदद आरटीवीपी पट्टे पर प्रदान करने के लिए ई-नीलामी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के साथ नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इस ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी प्रारूप के जरिए जमा की जानी चाहिए। ई-निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए मर्चेंटों का वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी प्रारूप के जरिए एक बार पंजीकरण अनिवार्य है। मर्चेंटों को क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर भी हासिल करना होगा। नीलामी सूचीपत्र का विवरण: क्रमांक एवं नीलामी सूचीपत्र सं.; ट्रेन; नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय क्रमशः निम्नलिखित हैं: (1) पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल25-6सी; 04 यात्री वाही ट्रेनों में 04 अदद एसएलआर; 13.06.2025, 13.00 बजे। (2) पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल25-6डी; ट्रेन सं. 15959 हावड़ा-डिब्रुगढ़ कामरूप एक्सप्रेस में एफएसएलआर-I; 18.06.2025, 13.00 बजे। (3) पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल25-6ई; ट्रेन सं. 13005/13006 हावड़ा-अमृतसर-हावड़ा मेल में 01 आरटीवीपी; 19.06.2025, 13.00 बजे।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,हावड़ा
पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग,
(HWH-132/2025-26) हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# सिनर शीर्ष पर बरकरार, बोड्सों ने लगाई 296 स्थान की लंबी छलांग

एजेंसी ▸▸ पेरिस

फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करने वाली लोइस बोइसों सोमवार को जारी नवीनतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 296 अंक की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गई हैं। फ्रांस की बोइसों फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले 361वें स्थान पर थीं लेकिन पिछले हफ्ते इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में जगह बनाने की बदौलत लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में बोइसों को हराया और फिर अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता। डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। एरिना सबालेंका शीर्ष पर बरकरार हैं। गॉफ और उनकी साथी अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सबालेंका को रोलां गैरो पर फाइनल में गॉफ के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। रोलां गैरो पर सबसे लंबे फाइनल में शीर्ष वरीय यानिक सिनर को हराकर अपने खिताब की रक्षा करने वाले कार्लोस अल्कारेज पुरुष एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। इटली के सिनर फाइनल में हार के बावजूद शीर्ष पर हैं। सिनर ने अल्कारेज पर 2030 अंक की बढ़त बना रखी है।



## नागल फिर पहले दौर में हारे

**लियोन (फ्रांस)।** भारत के एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल का संघर्ष जारी रहा और उन्हें सोमवार को एटीपी चैलेंजर सर्किट में एक बार फिर पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। छठी वरीयता प्राप्त नागल को 1,45,250 यूरो इनामी क्ले कोर्ट प्रतियोगिता के शुरुआती दौर में फ्रांस के गैरवरीय खिलाड़ी ज्योफ्रे ब्लैंकेनॉक्स के खिलाफ 4-6, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। नागल पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में एक ब्रेक से पिछड़ रहे थे जब उन्होंने आठवें गेम में विरोधी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर स्कोर बराबर किया और मुकाबले को निर्णायक सेट में खींचने की उम्मीद जगाई। ब्लैंकेनॉक्स और नागल को अपनी सर्विस बचाने में संघर्ष करना पड़ा और दूसरे सेट का फैसला टाईब्रेकर के जरिए हुआ जिसमें स्थानीय खिलाड़ी ने बाजी मारी। यह 2025 सत्र में चैलेंजर सर्किट पर नागल की छठी बार पहले दौर में हार थी। उन्होंने सत्र की शुरुआत शीर्ष 100 में की थी लेकिन अब उनकी रैंकिंग गिरकर 170 पर आ गई है।

खबर संक्षेप

### बुमराह के संदेश ने बढ़ाया था ग्रीन का मनोबल

**लंदन।** कैमरून ग्रीन की पीठ की सर्जरी की पूर्व संध्या पर भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के



एक 'विशेष' संदेश ने ऑस्ट्रेलिया के इस हरफनमौला को सर्जरी करवाने के उनके फैसले को लेकर आश्वस्त कर दिया। ग्रीन को पिछले साल 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' हुआ था। यह चोट हालांकि नौ से बारह महीनों में स्वाभाविक रूप से ठीक हो सकती थी, लेकिन मैच खेल रहे थे।'

### महेंद्र सिंह धोनी सहित सात क्रिकेटर आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में

**लंदन।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी मैथ्यू हेडन और दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज हाशिम अमला के साथ वर्ष 2025 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। आईसीसी अपने हॉल ऑफ फेम 2025 में सात क्रिकेटरों को शामिल करेगी जिसमें पांच पुरुष और दो महिला खिलाड़ी हैं। आईसीसी ने कहा, ''दबाव में अपने शांत स्वभाव और बेजोड़ रणनीतिक कौशल के लिए मशहूर, साथ ही छोटे प्रारूपों में एक अग्रणी खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी की खेल के सबसे महान फिनिशर, नेतृत्वकर्ता और विकेटकीपर के रूप में विरासत को आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल करके सम्मानित किया गया है।'' ''भारत के लिए 17,266 अंतरराष्ट्रीय रन, 829 शिकार और विभिन्न प्रारूपों में 538 मैच के साथ धोनी के आंकड़े ना केवल उत्कृष्टता बल्कि असाधारण स्थिरता, फिटनेस और लंबे करियर को दर्शाते हैं।''

### डीडीसीए की महिला टी20 लीग शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ की पहली महिला टी20 क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच में आर पी क्रिकेट अकादमी ने एन के खन्ना क्लब को 44 रन से हराया। इस लीग में डीडीसीए से पंजीकृत 41 क्लबों की टीमें भाग ले रही हैं और मॉडर्न स्कूल में पहला मुकाबला खेला गया। डीडीसीए उपाध्यक्ष शिखा कुमार ने कहा, 'यह टूर्नामेंट महिला क्रिकेटरों के लिए बेहतरीन अवसर है। उम्मीद है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के साथ महिला प्रीमियर लीग में खेलने का मौका मिलेगा।'

# विश्व कप : तीन भारतीय करेंगे पदार्पण निशानेबाज इलावेनिल से पदक की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ म्यूनिख

दो बार की पदक विजेता इलावेनिल वालारिवन से मंगलवार को यहां आईएसएसएफ के सत्र के तीसरे विश्व कप के पहले दिन पदक की सबसे ज्यादा उम्मीदें होंगी। उनके अलावा देश के तीन निशानेबाज महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में पहली बार इस आयोजन में भाग लेंगे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल मंगलवार को होंगे। इसके अलावा 10 स्पर्धाओं में से चार के लिए एलिमिनेशन और क्वालिफिकेशन शुरू होंगे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस टूर्नामेंट के लिए



निशानेबाजों की 22 सदस्यीय दल भेजी है। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के अलावा किरण अंकुश जाधव दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेंगी। भारत पहले दिन दो पदक स्पर्धाओं में विश्व कप में पदार्पण करने वाले तीन खिलाड़ियों को मैदान में उतार रहा है। इसमें राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू महिला स्पर्धा में तथा आदित्य मालरा और निशांत रावत पुरुष स्पर्धा में अपने पहली बार किस्मत आजमायेंगे। भारत की दूसरी एयर राइफल निशानेबाज आर्या बोरसे भी सीनियर स्तर पर अपना शुरुआती साल में है।

## अतीका रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में रही शीर्ष 10 में

**ट्रिनेच।** भारत की दस वर्षीय रेसर अतीका मीर ने रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष-10 में जगह बनाकर एक और उपलब्धि अपने नाम की। रोटैक्स यूरो ट्रॉफी एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग सीरीज है। अक्सेल जीपी समर्थित अतीका ने सप्ताहांत में स्टील रिंग सर्किट में आयोजित रोटैक्स यूरो ट्रॉफी के दूसरे चरण में नौवां स्थान हासिल किया। फॉर्मूला वन से वित्तीय और तकनीकी सहायता पाने वाली पहली भारतीय अतीका



क्वालीफाइंग में शानदार प्रदर्शन कर अपने ग्रुप में सातवें स्थान पर रहीं। उन्हें हालांकि दो बंपर पेनाल्टी मिली लेकिन वह इसके बावजूद वह तीन हिट्स के बाद 10वें स्थान पर रहीं।


## उत्तर रेलवे

### ई-आक्शन सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक माल सेवाएं, उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल, अंबाला मंडल के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों से प्रस्थान करने वाली मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के एस०एल०आर० डिब्बों में 4 टन/3.9 टन पार्सल स्थान के पट्टे के लिए ई-आक्शन के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित करते हैं। यह आक्शन IREPS पोर्टल पर दिनांक 23.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे आयोजित की जाएगी। आक्शन की अनुसूची एवं पट्टे हेतु प्रस्तावित लॉट्स का विवरण निम्नानुसार है: –

| | | | |
|---|---|---|---|
| कैटलॉग संख्या | UMB-SLR-07-2025 | आक्शन प्रारंभ (सभी लॉट्स) | 23.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे |
| बयाना राशि | वार्षिक बोली का 10% | कुल ट्रेनों/लॉट्स की संख्या | 18 ट्रेनें/21 लॉट्स |

| क्रम सं. | ट्रेन संख्या | से–तक | डिब्बा | लीज के दिन | वहन क्षमता (टन में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12450 | चंडीगढ़–मडगांव | FSLR | सोमवार | 3.9 |
| 2 | 14218 | चंडीगढ़–प्रयागराज संगम | FSLR, RSLR | प्रतिदिन | 3.9 (प्रत्येक) |
| 3 | 14242 | सहारनपुर–प्रयागराज संगम | FSLR-I | प्रतिदिन | 4.0 |
| 4 | 14522 | अंबाला कैंट–दिल्ली जं. | FSLR-I | सोम, बुध, शुक्र | 4.0 |
| 5 | 14524 | अंबाला कैंट–बरौनी जं. | FSLR-I | मंगलवार | 4.0 |
| 6 | 19412 | दौलतपुर चौक–गांधी नगर कैपिटल | FSLR-I | सोम, बुध, शुक्र | 4.0 |
| 7 | 22452 | चंडीगढ़–बांद्रा टर्मिनस | FSLR-RSLR | रविवार, बुधवार | 3.9 (प्रत्येक) |
| 8 | 12326 | नंगल डैम–कोलकाता | FSLR-RSLR | शनिवार | 3.9 (प्रत्येक) |
| 9 | 12218 | चंडीगढ़–तिरूवनंतपुरम नॉर्थ | RSLR | बुध, शुक्र | 3.9 |
| 10 | 22356 | चंडीगढ़–पाटलिपुत्र | RSLR | सोम, गुरू | 3.9 |
| 11 | 15734 | बठिंडा जं.–बालुरघाट | FSLR | सोम, बुध, शनि | 3.9 |
| 12 | 15744 | बठिंडा जं.–बालुरघाट | FSLR | रवि, मंगल, गुरू, शुक्र | 3.9 |
| 13 | 19308 | ऊना हिमाचल–इंदौर जं. | FSLR | शनिवार | 3.9 |
| 14 | 20494 | चंडीगढ़–मदुरै जं. | FSLR | सोमवार | 3.9 |
| 15 | 15012 | चंडीगढ़–लखनऊ जं. | FSLR | मंगल, गुरू, शनि | 3.9 |
| 16 | 12232 | चंडीगढ़–लखनऊ | FSLR | रवि, सोम, बुध, शुक्र | 3.9 |
| 17 | 15904 | चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ | FSLR | रवि, बुधवार | 3.9 |
| 18 | 14503 | कालका–श्री माता वैष्णो देवी कटरा | FSLR-I | मंगल, शुक्र | 4.0 |

टिप्पणी: सभी लॉट्स के लिए बोली 23.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे से आरंभ होगी और प्रत्येक लॉट की समाप्ति एक-दूसरे से स्वतंत्र रूप से होगी, जिसमें अधिकतम 120 सेकंड के 10 वृद्धि चरणों तक बोली जारी रह सकती है। अन्य जानकारियों जैसे कि टर्नओवर आवश्यकता, अनुमत लोडिंग स्टेशन, अनुबंध अवधि आदि के लिए इच्छुक बोलीदाता www.ireps.gov.in पर जाएं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1704/2025


भारतीय घरेलू सत्र : विंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होना है मैच

# कोलकाता और दिल्ली में टेस्ट मैचों की अदला-बदली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के मुताबिक कोलकाता के ईडन गार्डन और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम भारत के आगामी घरेलू सत्र के दौरान क्रमशः वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने आवंटित टेस्ट मैचों की अदला-बदली करेंगे। दिल्ली को पहले 14 से 18 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट की मेजबानी करनी थी, लेकिन अब वह 10 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। बीसीसीआई की सोमवार को जारी विज्ञप्ति में स्थल परिवर्तन का कारण नहीं बताया गया है, लेकिन समझा जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर के मध्य में वायु प्रदूषण के स्तर के खतरनाक होने के कारण यह फैसला लिया गया है। कुछ साल पहले भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दौरान खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस मैच के दौरान श्रीलंकाई क्षेत्ररक्षकों ने मास्क पहने हुए थे और कुछ को कथित तौर पर सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। समझा जाता है कि बीसीसीआई की क्रिकेट संचालन टीम ने पिछले कुछ वर्षों के एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) डेटा को एकत्रित किया और निर्णय लिया कि स्थल परिवर्तन एक व्यवहार्य विकल्प है।



### अफ्रीका के खिलाफ शेड्यूल

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैच रांची (30 नवंबर), रायपुर (तीन दिसंबर) और विशाखापत्तनम (छह दिसंबर) में खेले जाएंगे जबकि पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच कटक (नौ दिसंबर), न्यू चंडीगढ़ (11 दिसंबर), धर्मशाला (14 दिसंबर), लखनऊ (17 दिसंबर) और अहमदाबाद (19 दिसंबर) में खेले जाएंगे। तमिलनाडु क्रिकेट संघ ने इस बीच 14 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली महिला वनडे श्रृंखला की मेजबानी करने में असमर्थता जताई है।

### दो अक्टूबर से घरेलू सत्र की शुरुआत

भारत का घरेलू सत्र वेस्टइंडीज के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों से शुरू होगा। इसकी शुरुआत दो अक्टूबर को अहमदाबाद में होगी, उसके बाद दिल्ली टेस्ट होगा। भारतीय टीम इसके बाद विभिन्न स्थानों पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीनों प्रारूपों की पूरी श्रृंखला खेलेगी। इसमें दो टेस्ट मैच तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता शुरुआती टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा जबकि गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में 22 से 26 नवंबर तक श्रृंखला का दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। इस स्टेडियम के लिए यह पहला टेस्ट मैच होगा।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

**निविदा सं. 98255272** **दिनांक: 04.06.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी-133001 द्वारा समरणकार्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अंतर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | ई-निविदा सं. | विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | बयाना राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 98255272 | प्लेटफॉर्म से एफओबी तक यात्रा करने के लिए 13 व्यक्तियों (884 किलोग्राम) की क्षमता वाले मशीन रूम-लेस और गियरलेस प्रकार (जी+1) के यात्री लिफ्ट (लिफ्ट) का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। लिफ्ट सभी मामलों में पूर्ण होनी चाहिए और RDSO विनिर्देश संख्या RDSO/2013/EM/Spec/0016 (Rev'1')-2019 या नवीनतम के अनुसार होनी चाहिए। लिफ्ट का विस्तृत विवरण अनुलग्नक-ए के रूप में संलग्न किया गया है। | 03 Nos. | 24.06.2025 at 11:00 hrs. | 1,32,860/- |
| 2 | | स्थापित लिफ्टों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। सीएएमसी में RDSO विनिर्देश संख्या RDSO/2013/EM/Spec/0016 (Rev'1')-2019 या नवीनतम के अनुसार वारंटी अवधि पूरी होने के बाद पहले वर्ष (प्रथम वर्ष) के लिए लिफ्टों की आवधिक सर्विसिंग, रखरखाव, मरम्मत, सभी स्पेयर, सामग्री और श्रम लागत शामिल होगी। सीएएमसी की विस्तृत शर्तें अनुलग्नक-बी के रूप में संलग्न की गई हैं। सीएएमसी दरें प्रति लिफ्ट प्रति माह के हिसाब से हैं। वारंटी अवधि कमीशन की तारीख से 36 महीने होगी। | | | |
| 3 | | स्थापित लिफ्टों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। सीएएमसी में RDSO विनिर्देश संख्या RDSO/2013/EM/Spec/0016 (Rev'1')-2019 या नवीनतम के अनुसार वारंटी अवधि पूरी होने के बाद पहले वर्ष (द्वितीय वर्ष) के लिए लिफ्टों की आवधिक सर्विसिंग, रखरखाव, मरम्मत, सभी स्पेयर, सामग्री और श्रम लागत शामिल होगी। सीएएमसी की विस्तृत शर्तें अनुलग्नक-बी के रूप में संलग्न की गई हैं। सीएएमसी दरें प्रति लिफ्ट प्रति माह के हिसाब से हैं। वारंटी अवधि कमीशन की तारीख से 48 महीने होगी। | | | |
| 4 | | स्थापित लिफ्टों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। सीएएमसी में RDSO विनिर्देश संख्या RDSO/2013/EM/Spec/0016 (Rev'1')-2019 या नवीनतम के अनुसार वारंटी अवधि पूरी होने के बाद पहले वर्ष (तृतीय वर्ष) के लिए लिफ्टों की आवधिक सर्विसिंग, रखरखाव, मरम्मत, सभी स्पेयर, सामग्री और श्रम लागत शामिल होगी। सीएएमसी की विस्तृत शर्तें अनुलग्नक-बी के रूप में संलग्न की गई हैं। सीएएमसी दरें प्रति लिफ्ट प्रति माह के हिसाब से हैं। वारंटी अवधि कमीशन की तारीख से 60 महीने होगी। | | | |

**नोट: 1)** विक्रेता विवरण के लिए IREPS website i.e. **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं। **2)** किसी भी मैन्युअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1698/2025




## खबर संक्षेप

### कोविड-19 के नए स्वरूप एक्सएफजी के 163 मामले आए सामने

**नई दिल्ली (भाषा)।** कोविड-19 के नये स्वरूप एक्सएफजी के करीब 163 मामले अब तक भारत में सामने आये हैं।



सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (इनसाकॉग) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। 'द लैंसेट' पत्रिका में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, एक्सएफजी स्वरूप में चार प्रमुख 'स्पाइक म्यूटेशन' हैं तथा शुरूआत में कनाडा में इसकी पहचान होने के बाद यह तेजी से विश्व में फैला है।

### तेलंगाना में पाम ऑयल की खेती बढ़ाने पर अनुसंधान करें वैज्ञानिक : शिवराज

**नई दिल्ली (ब्यूरो.)।** 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तेलंगाना में किसानों से संवाद किया। सबसे पहले वह तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के मनसनपल्ली गांव में किसानों से मिले। फिर रामचंद्रगुडा गांव जाकर किसान चौपाल में किसानों से मुलाकात की। केंद्रीय कृषि मंत्री को किसानों ने बताया कि वह विविधिकरण और एकीकृत खेती की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। एकीकृत खेती से उन्हें लाभ पहुंच रहा है और उनके उत्पादन और आमदनी में बढ़ोतरी हुई है। किसान चौपाल के बाद चौहान ने मंगलपल्ली, इब्राहिमपट्टनम में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को संबोधित किया।

## भारतीय वायुसेना को मिलेंगे तीन अत्याधुनिक आई-स्टार स्पाय एयरक्राफ्ट

# दुश्मनों के हर मूवमेंट पर होगी 'नजर' मिलेगी ठिकानों की सटीक जानकारी


*बहुत ऊंचाई से रखेगा दुश्मनों पर नजर*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*आई-स्टार स्पाय एयरक्राफ्ट की मदद से वायुसेना को दुश्मन के जमीनी ठिकानों जैसे रडार स्टेशनों, एयर डिफेंस सिस्टम और मोबाइल टारगेट्स की सटीक जानकारी मिलेगी। ये तीनों एयरक्राफ्ट विदेशी कंपनियों जैसे बोइंग और बॉम्बार्डियर से खुले टेंडर के माध्यम से खरीदे जाएंगे, लेकिन इनके अंदर लगने वाले सभी सिस्टम पूरी तरह स्वदेशी होंगे।*

भारतीय वायुसेना को जल्द ही तीन अत्याधुनिक आई-स्टार जासूसी विमान (स्पाय एयरक्राफ्ट) मिलने जा रहे हैं। इस परियोजना की लागत 10,000 करोड़ रुपए की है। इसका प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय जून के चौथे हफ्ते में होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में मंजूरी के लिए रखेगा। स्पाय एयरक्राफ्ट मिलने के बाद भारत अमेरिका, ब्रिटेन और इजराइल जैसे चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा, जिनके पास यह तकनीक है।

आई-स्टार स्पाय एयरक्राफ्ट की मदद से वायुसेना को दुश्मन के जमीनी ठिकानों जैसे रडार स्टेशनों, एयर डिफेंस सिस्टम और मोबाइल टारगेट्स की सटीक जानकारी मिलेगी। ये तीनों एयरक्राफ्ट विदेशी कंपनियों जैसे बोइंग और बॉम्बार्डियर से खुले टेंडर के माध्यम से खरीदे जाएंगे, लेकिन इनके अंदर लगने वाले सभी सिस्टम पूरी तरह स्वदेशी होंगे। अत्याधुनिक आई-स्टार स्पाय एयरक्राफ्ट के अंदर डीआरडीओ के सेंटर फॉर एयरबोन सिस्टम (सीएबीएस) की ओर से विकसित स्वदेशी सिस्टम लगाए जाएंगे।




**आई-स्टार का काम**

*आई-स्टार का पूरा नाम इंटेलिजेंस, सर्विलांस, टारगेट एक्विजिशन एंड रिकॉनिसेंस है। इस विमान के निर्माण का उद्देश्य खुफिया जानकारी जुटाना, निगरानी करना, टारगेट तय करना और दुश्मन की जानकारी हासिल करना। यह सिस्टम हवाई निगरानी के जरिए जमीन पर हो रही गतिविधियों की लाइव और सटीक जानकारी देता है।*

**युद्ध क्षेत्र में बिना घुसे**

### मल्टी-स्पेक्ट्रल सर्विलांस की क्षमता होगी

*आई-स्टार विमान बहुत अधिक ऊंचाई से विमान ऊंचाई से खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने, लक्ष्य पहचानने और उन पर हमले के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे। साथ ही ये स्टैंड-ऑफ रेंज से ऑपरेट होंगे यानी सीधे युद्ध क्षेत्र में घुसे बिना ही दुश्मन की हर गतिविधि को स्कैन करेंगे। ये दिन और रात में किसी भी मौसम में काम करने में सक्षम होंगे। सिस्टम हवाई और जमीनी दोनों हिस्सों में काम करेगा, ताकि जमीनी सैन्य टुकड़ियों को रियल टाइम खुफिया जानकारी मिलती रहे। इसमें मल्टी-स्पेक्ट्रल सर्विलांस की क्षमता होगी जिससे आतंकी, घुसपैठिए और छिपे हुए दुश्मन भी पकड़ में आएंगे। इससे भारतीय सेना की सुरक्षा क्षमताओं को कई गुना बढ़ाएगा। इससे देश को समय पर खतरों की पहचान करने और उन पर जवाबी कार्रवाई करने में बड़ी मदद मिलेगी।*

**डीआरडीओ ने तैयार किया है प्रोजेक्ट**

*इस प्रोजेक्ट को डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) के सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स (सीएबीएस) द्वारा विकसित किया गया है। विमान तो विदेशी कंपनियों से जैसे बोइंग और बॉम्बार्डियर से खुले टेंडर के माध्यम से खरीदे जाएंगे, लेकिन उनके भीतर लगाए जाने वाले सारे निगरानी उपकरण स्वदेशी होंगे। डीआरडीओ ने ये तकनीक पहले से ही विकसित और टेस्ट कर ली है। बस अब इन्हें इन विमानों में फिट करना बाकी है।*

## कोर्ट ने दी सशर्त अनुमति

# आतंकी तहव्वुर राणा परिवार से फोन पर कर सकेगा बात



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अपने परिवार से फोन के जरिए एक बार बात करने की इजाजत पाटियाला हाउस कोर्ट दी है। राणा ने कोर्ट में याचिका दायर कर परिवार से फोन पर बातचीत करने के लिए इजाजत मांगी थी। कोर्ट ने सोमवार से 10 दिनों के भीतर राणा के स्वास्थ्य पर एक नई रिपोर्ट भी मांगी है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक बार यह छूट दी। न्यायाधीश ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुरूप होगी और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में होगी। कोर्ट ने जेल अधिकारियों से एक रिपोर्ट भी दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें राणा को नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं।

**मुंबई हमलों में आया था राणा का नाम**

दावा है कि तहव्वुर राणा ने अपनी कंसल्टेंसी फर्म्स में डेविड हेडली को भी नौकरी दी। इसी फर्म की मुंबई शाखा के काम के लिए डेविड हेडली मुंबई आया था और यहां लश्कर-ए-तयैबा के आतंकी हमलों की तैयारी के लिए मुंबई में ताज महल होटल और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसी प्रमुख जगहों की रेकी की थी। जांचकर्ताओं का मानना है कि तहव्वुर राणा ने कंसल्टेंसी फर्म की आड़ में ही डेविड हेडली से रेकी का पूरा काम कराया। साल 2008 में मुंबई में पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने घुसकर शहरभर में हमले किए थे। इन बर्बर हमलों में छह अमेरिकी नागरिकों और कुछ यहूदियों समेत 166 लोग मारे गए थे।

**भारत-यूएस की प्रत्यर्पण संधि से लाया गया**

एनआईए ने अन्य भारतीय खुफिया एजेंसियों, एनएसजी के साथ मिलकर पूरी प्रत्यर्पण प्रक्रिया को अंजाम दिया। राणा को अमेरिका में भारत-अमेरिकी प्रत्यर्पण संधि के तहत एनआईए की ओर से शुरू की गई न्यायिक कार्यवाही के आधार पर हिरासत में लिया गया था। राणा की कई कानूनी अपीलों और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका के खारिज हो जाने के बाद प्रत्यर्पण संभव हो पाया। इसमें अमेरिकी न्याय विभाग के अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यालय, कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के यूएस अटॉर्नी ऑफिस, यूएस मार्शल सेवा, एफबीआई के नई दिल्ली स्थित कानूनी अटैच, और यूएस विदेश विभाग के लीगल एडवाइजर फॉर लॉ एन्फोर्समेंट के कार्यालयों का सक्रिय सहयोग रहा।

*संघर्ष विराम नहीं यूक्रेनी वायुसेना का दावा*

# रूस ने एक रात में ही 479 ड्रोन व मिसाइलों से किया बड़ा हमला

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। रूस ने हाल के दिनों में यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच यूक्रेनी वायु सेना ने सोमवार को कहा कि रूस ने युद्ध के दौरान एक रात में सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। रूस की ओर से इस हमले में बमबारी के लिए 479 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है। यूक्रेनी वायु सेना के अनुसार, ड्रोन के अलावा यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न प्रकार की 20 मिसाइलें भी दागी गई हैं।

**277 ड्रोन और 19 मिसाइलें हवा में नष्ट कीं**



*यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि हमले के दौरान मुख्य रूप से यूक्रेन के मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। वायु सेना के एक बयान में कहा गया है कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने 277 ड्रोन और 19 मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। बयान में दावा किया गया कि केवल 10 ड्रोन या मिसाइल ही अपने लक्ष्य तक पहुंच सके। लेकिन इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।*

**तीन साल में 1200 लोग मारे गए**

रूस के हवाई हमले आमतौर पर देर शाम को शुरू होते हैं और सुबह खत्म होते हैं, क्योंकि अंधेरे में ड्रोन को पहचानना मुश्किल होता है। रूस ने तीन साल से ज्यादा समय से जारी युद्ध के दौरान लगातार यूक्रेन के नागरिक इलाकों में शाहिद ड्रोन से हमला किया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इन हमलों में 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं।

## केरल तट के पास जहाज में विस्फोट

# नौसेना और तटरक्षक बलों ने 18 लोगों को बचाया, बचाव कार्य जारी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली/कोच्चि

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सोमवार सुबह केरल तट के पास सिंगापुर के झंडे वाले कंटेनर जहाज एमवी वान हाई 503 में विस्फोट की खबर मिली। मुंबई में समुद्री परिचालन केंद्र की ओर से कोच्चि में अपने समकक्षों को सुबह करीब 10.30 बजे अंडरडेक विस्फोट की सूचना दी गई। केरल तट पर जलते हुए कंटेनर जहाज को छोड़कर भागे 18 चालक दल के सदस्यों को नौसेना और तटरक्षक बल ने बचा लिया है।

### आग लगा जहाज पानी में बह रहा

रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि जहाज में अभी आग लगी हुई है और वह पानी में बह रहा है। भारतीय तटरक्षक जहाज सचेत, अर्नवेश, समुद्र प्रहरी, अभिनव, राजदूत और सी-144 बचाव अभियान में शामिल हैं। भारतीय नौसेना ने तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए आईएनएस सूरत को डायवर्ट किया, जिसे कोच्चि में डॉक करने के लिए निर्धारित किया गया था। स्थिति का आकलन करने और सहायता का समन्वय करने के लिए कोच्चि में नौसेना के हवाई अड्डे आईएनएस गरुड़ से नौसेना के डोर्नियर विमान की एक उड़ान की भी योजना बनाई जा रही है।

### मुख्य चुनाव आयुक्त स्वीडन में बताएंगे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था

**नई दिल्ली (ब्यूरो.)।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) श्री ज्ञानेश कुमार 10-12 जून, 2025 तक आयोजित होने वाले चुनावी सत्यनिष्ठा पर अंतर्राष्ट्रीय आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन में भाग लेने के लिए स्वीडन की यात्रा पर हैं। उन्होंने स्वीडन में भारतीय प्रवासियों के साथ एक यादगार बातचीत की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त महोदय ने अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारत के प्रवासी नागरिकों (ओसीआई) के बीच समावेशी भागीदारी और नागरिक सहयोग पर निर्वाचन आयोग के फोकस को दोहराया। उन्होंने ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण प्रणाली और डाक मतपत्र प्रबंधन प्रणाली (ईटीपीबीएमएस) के इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन जैसी की गई पहलों पर प्रमुखता से प्रकाश डाला, जिनका उद्देश्य अधिकाधिक प्रवासी मतदाताओं को भागीदारी के लिए सक्षम बनाना है।

## पीटीआई के शीर्ष नेता का दावा

# पूर्व पीएम इमरान की 11 जून को हो सकती है रिहाई

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष गौहर अली खान ने दावा किया कि पूर्व पीएम इमरान खान जल्द जेल से रिहा हो सकते हैं। उनकी इस बात से संकेत मिलता है कि सेना प्रमुख असीम मुनीर आखिरकार खान के सामने झुक सकते हैं। खान ने दावा किया अगस्त 2023 से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद इमरान खान को 11 जून को जमानत मिल सकती है। जनता में इमरान खान के लिए बढ़ते समर्थन और जेल से ही देशव्यापी आंदोलन का नेतृत्व करने के उनके फैसले ने सेना प्रमुख असीम मुनीर पर दबाव बढ़ा दिया है।



### रिहाई के लिए कोई समझौता नहीं

*गौहर अली खान ने कहा कि 11 जून का दिन इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों के लिए अहम होगा। गौहर ने यह भी स्पष्ट किया कि इमरान खान की रिहाई किसी भी समझौते के तहत नहीं होगी। इस्लामाबाद हाईकोर्ट पहले ही अल-कादिर ट्रस्ट मामले की सुनवाई को 11 जून तक के लिए टाल चुकी है। इमरान खान पर कई केस चल रहे हैं और वह अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं।*

# सीमाओं पर तनाव के बीच शुरू हुआ अपतटीय जहाज का निर्माण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर जारी तनाव के बीच अब वो दिन दूर नहीं जब नौसेना की युद्धक क्षमता में काफी इजाफा देखने को मिलेगा। जिसके पीछे की एक वजह सोमवार को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में शुरू किया गया अगली पीढ़ी के चौथे अपतटीय जहाज यार्ड-1283 (एनजीओपीओ) के निर्माण कार्य (कील लेइंग) की शुरुआत होना है। इस अवसर पर आयोजित किए गए समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप-नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन शामिल हुए। उनके अलावा जीएसएल के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) ब्रजेश कुमार उपाध्याय और नौसेना व शिपयार्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह का हिस्सा बने। नौसेना ने 9 जून को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

### 3 हजार टन वजनी होगा यह जहाज

नौसेना ने कहा कि यार्ड-1283 का कुल वजन करीब 3 हजार टन है। जिसे तटीय सुरक्षा, निगरानी, खोज और बचाव अभियानों के अलावा अपतटीय संपत्तियों के संरक्षण व समुद्री डाकुओं के खिलाफ अभियानों के लिए प्रयोग किया जाएगा। इस श्रेणी के कुल 11 जहाजों के निर्माण के लिए वर्ष-2023 में 6 हजार 200 करोड़ रुपए का एक समझौता किया गया था। जिसके तहत 7 जहाजों का निर्माण जीएसएल में और 4 का निर्माण कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा किया जाना है। केंद्र सरकार के देश के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान के विजन को ध्यान में रखते हुए यह निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिससे नौसेना की समुद्री क्षमता में भी काफी बढ़ोतरी होगी। यहां बता दें कि ये जहाज हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीन की बढ़ती आक्रामकता के खिलाफ भी काफी मददगार साबित होगा।

### इजराइल ने जहाज जब्त किया, ग्रेटा थनबर्ग और अन्य को हिरासत में लिया

**यरुशलम (एपी)।** इजराइल की सेना ने सोमवार की सुबह गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए जा रहे एक जहाज को जब्त कर लिया और उसमें सवार सामाजिक कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग तथा अन्य जलवायु कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। ये कार्यकर्ता गाजा पट्टी में जारी इजराइल के सैन्य अभियान का विरोध करने वाले थे क्योंकि मानवीय सहायता के प्रवेश पर इजराइल के प्रतिबंधों के कारण लगभग 20 लाख फलस्तीनियों की आबादी वाले क्षेत्र में अकाल का खतरा पैदा हो गया है। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' नामक संगठन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने और इजराइल की नाकाबंदी तथा युद्ध के दौरान उसके आचरण का विरोध करने और फलस्तीनियों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया था। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' ने आरोप लगाया कि सामाजिक कार्यकर्ता जब क्षेत्र में बेहद जरूरतमंद लोगों तक सहायता सामग्री पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे तब "इजराइली सेना ने उनका अपहरण कर लिया"। संगठन ने एक बयान में कहा, "जहाज पर अवैध रूप से कब्जा किया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25